I am delighted and privileged to apprise you about the encouraging performance of your Company during the Financial Year 2018-19. Amidst continued challenging business environment, initiatives taken have resulted in enhancing profitability, reinforcing our leadership in Pellet making industry. I, on behalf of the Board of Directors as well as dedicated employees of KIOCL, present to you the Company's Annual Report for the Financial Year 2018-19.

Key Performance Highlights

Let me share the key performance highlights for the FY 2018-19. Your Company has:

- Surpassed "Excellent" Target in Production and Dispatches by producing 2.24 Million Tons and dispatching 2.21 Million Tons of Pellet respectively.
- Achieved export sales of 1.52 Million Tons of Pellets, highest after closure of Captive Mines at Kudremukh.
- Achieved revenue from Operations Rs. 1887.71 crores, shot up by 15%, highest since inception.
- Achieved record turnover of Rs. 2013 crores, which is highest since inception as against Rs. 1784 crores in the Financial Year 2017-18, registering growth of 13%.
- Earned an Operating Profit of Rs 67.20 crores from pellet plant during the year after a gap of six years since the Financial Years 2011-12.
- Earned a Profit Before Tax of Rs. 184.12 crores compared to Rs. 86.09 crores in the year before, registering an increase of 114 %. Net Profit (PAT) stood at Rs. 111.86 crores compared to Rs. 81.48 crores in 2017-18 up by 37%.
- Concluded Buy-back 1,25,88,235 equity shares, representing 1.98% of the Paid-up Equity Share Capital with total outgo of Rs. 214 crores.
- Proposed to pay a total dividend of Rs. 99 crores for the year 2018-19, which is 13.33% on the paid up share capital, post buy-back of equity shares, which would be the highest dividend paid since 2005-06, subject to the approval of shareholders.
- Your Company is spreading its footprint globally by successfully supplying pellets to steel mills in South Korea, Japan, Europe, Middle East etc.

Economy & Steel Sector Scenario

India has emerged as the fastest growing major economy in the world and is expected to be one of the top three economic powers of the World (currently ranked 6 by size) in the next 10 years. The size of the Indian economy was $1.85 trillion 5 years back which has now grown to $2.67 trillion. Government of India is aiming to achieve $5 trillion economy in the next five years by 2024.

To boost the capacity and consumption, our Steel Ministry had announced the National Steel Policy -2017 that targets an annual production

of 300 million tonnes, and annual per capita consumption of 160 kg by 2030.

Wide range of continuing infrastructure projects are likely to support growth in steel demand. India is the world's second-largest steel producer with production standing at 106.5 Mt in 2018. Global steel demand in 2018 was increased by 2.1% and Worldsteel forecasts that the same will reach 1,735 Mt in 2019, an increase of 1.3% over 2018. In 2019, steel consumption of the country is expected to grow 5.7% year-on-year to 92.1 Mt, and steel demand is increasing every consecutive year and it is being forecasted by worldsteel that it will overtake the United States in steel demand in 2019.

India's iron ore output was around 207 Mt in FY19 against 201 Mt in previous fiscal. Iron ore supplies from some of the mines from Minas Gerais State in Brazil is expected to have some effect following breach of a tailing dam belonging to major miner Vale and subsequent mining restrictions and environmental concerns. The expected supply shortage is likely to support global iron ore and pellet market in 2019.

Your Company's exports have been predominantly to China as China consumes nearly 50% of iron ore produced in the World. The Company has been making consistent efforts to expand its market base to reduce the risk of overdependence on single market.

As a result of these efforts, your Company exported pellets to Steel Mills in UK, Japan, South Korea, Oman etc. Out of total exports of 69%, about 40 % of exports made during FY 2018-19 were to markets other than China. UK alone contributing for 17 % of total exports.

Creating KIOCL of tomorrow

Your Company is moving to the next level of sustained performance by converting the emerging opportunities into potential success stories. Your Company is debt free Company with surplus funds that can be invested for its growth. Therefore, your company has embarked on a transformational journey by large size capital investments to the tune of Rs. 3500 crores.

In this regard, the Company has identified following road map and vision:-

- Setting up of 1.79 LTPA Coke oven plant and 2.0 LTPA Ductile Iron Spun Pipe Plant along with Modernization of Blast Furnace Unit.
- Develop Devadari iron ore block, in Bellary district, Karnataka with all infrastructure by end of 2022.

- Setting up of 5 MW Solar Power Plant in Karnataka.
- Setting up of 2.0 MTPA Pellet Plant with M/s RINL at Vizag under Joint Venture.
- Modernization of Pellet Plant Unit, Mangalore.
- Mineral exploration activities along with exploratory drilling on allocation of areas by Ministry of Mines, Govt. of India and Govt of Karnataka.

Apart from above, your Company has entered in to an MoU with M/s SAIL for exploring the Techno-Economic Feasibility for consideration of setting up of a Pellet Plant at a suitable location and suitable capacity.

Follow-On Public Offer

The Board of your Company at its Meeting held on 06-08-2019 had approved the Follow on Public Offer (FPO) for sale of 15% of Paid up Equity Share Capital of the Company by the President of India, acting through the Ministry of Steel, Government of India, at a price to be determined by the Book Building process by the selling shareholder and the Company in consultation with the Book Running Lead Manager.

Corporate Governance

The philosophy of your Company in relation to corporate governance is to ensure transparency, disclosures and reporting that confirms fully with the laws and regulations of the country in order to promote ethical conduct & practices throughout the organisation for enhancing stakeholders' value. Your Company is committed to comply with the provisions of SEBI (Listing Obligations & Disclosures Requirements) Regulations, 2015 relating to Corporate Governance and the guidelines on Corporate Governance for Central Public Sector Enterprises issued by Department of Public Enterprises, Government of India.

CSR initiatives

Beyond business, our CSR initiatives have also helped the organization in making a positive impact in people's lives. At the same time, it also sensitizes us to our role as an important stakeholder of the society and environment. In

FY'19, your Company spent Rs. 32.51 lakhs for its various CSR programs with target areas spanning from Education, Promotion of Sports, Clean Drinking Water, Health Care, Contribution to Chief Minister's Relief Fund and Development of aspirational District. In the FY'19, your Company has contributed Rs. 50 lakhs i.e. Rs. 22 lakhs contribution from employees one day salary and balance Rs. 28 lakhs from the CSR Fund for the FY 2019-20 towards disaster management, rehabilitation and reconstruction activities in flood affected areas of Karnataka.

Partners on the Journey

Aspirations in our journey cannot be achieved without acknowledging dedicated and committed efforts of each & every member of KIOCL family. I take this opportunity to once again thank the Board Members and particularly distinguished Govt. Nominee Directors and Independent Directors for providing leadership support to your Company and its employees. I also thank the employees for contributing immensely. I would also like to thank and acknowledge the continued co-operation, trust and support of various Government / Regulatory authorities, Company's valued customers, suppliers, vendors, investors, bankers and shareholders.

Notwithstanding the shifts and turns in the market, Shareholders belief in our growth story and enduring association with us is what keeps us motivated to emerge stronger with every passing year. At the successful closure of yet another financial year, I express my gratitude to the Shareholders of the Company and look forward to continuing this journey for achieving greater heights together.

Dhanyawaad!!

MV Subba Rao
Chairman - cum - Managing Director

Ecology Our Mission; Obsession
KIOCL Limited
(A Govt. of India Enterprise)

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	37.0 डि.से.	37.0 डि.से.	37.0 डि.से.	38.0 डि.से.
न्यूनतम	29.0 डि.से.	29.0 डि.से.	29.0 डि.से.	28.0 डि.से.

परिवार राजपथ पर आइसक्रीम खाने आया था

इंडिया गेट पर डंपर ने पिता और बेटी को कुचला, मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

- डंपर चालक को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच कराई गई है
- हादसे में तीन अन्य लोग भी घायल हुए, पुलिस ने कई धाराओं में मामला दर्ज किया

इंडिया गेट पर सोमवार देर रात आइसक्रीम खाने आए एक परिवार के दो सदस्यों को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। इसमें पिता केवल धीवान और पुत्री मान्या की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। डंपर चालक रमन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चालक के भी हाथ में चोट लगी है। चालक की मेडिकल जांच लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में कराई गई है। रिपोर्ट के बाद पता चलेगा कि वह डंपर चलाते समय शराब के नशे में था या नहीं। पुलिस ने कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी का रहने वाला एक परिवार अपनी बेटी के स्कूल परीक्षा खत्म होने पर सोमवार देर रात आइसक्रीम खाने के लिए इंडिया गेट पहुंचा था। बेटी ने अपने व्यापारी पापा केवल धीमान (42) से वादा लिया था कि जब उसकी परीक्षा खत्म हो जाएंगी तो वे लोग शाम के समय इंडिया पर आइसक्रीम खाने जाएंगे। बेटी से किया वादा निभाने के लिए ये परिवार सोमवार रात इंडिया गेट पहुंचा था। रात करीब 12:20 बजे एक बेकाबू डंपर (नंबर-ओडी-08 जी-2288) मान सिंह रोड पर पहले डिवाइडर से टकराया फिर आगे बढ़ते हुए तीन ऑटो को कुचलता हुआ वहां मौजूद राहगीरों पर जा गिरा। इसकी चपेट में धिवान परिवार भी आ गया। डंपर अपनी ओर आते देख व्यापारी ने अपनी पत्नी पूनम और एक बच्ची मायरा को तो दूर धकेल दिया लेकिन वह अपनी छोटी बेटी आठ साल की मान्या और खुद को नहीं बचा सके। बेकाबू डंपर उन्हें रौंदता हुआ क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। धीमान परिवार के मुताबिक जब हादसा हुआ तो पुलिस मौके पर मौजूद थी। धीमान ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया था लेकिन बच्ची की सांसें चल रही थीं। दोनों को अस्पताल पहुंचाया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यह परिवार स्कूटी से राजपथ आया था। पुलिस अधिकारी के मुताबिक दुर्घटना में माता सुंदरी रोड के रहने वाले तिपहिया चालक दीपक कुमार और उन्नाव उत्तर प्रदेश के रहने वाले मजदूर राम सिंह और एक अन्य व्यक्ति भी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में तीन तिपहिया और एक स्कूटी दोपहिया बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। तिलक मार्ग थाना पुलिस ने धारा 279, 337, 304ए के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बदरपुर के रहने वाले चालक रमन (24) को मौके से गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है।

डीयू में फीस वृद्धि नहीं होने देंगे : एबीवीपी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का कहना है कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के संबद्ध किसी भी कॉलेज या विभाग में फीस बढ़ोत्तरी नहीं होने दी जाएगी। डीयू छात्र संघ (डूसू) में रहते हुए हमने इसके लिए लगातार संघर्ष किया और आगे भी करेंगे। एबीवीपी और डूसू के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता कर एक साल का लेखा-जोखा पेश किया। इस मौके पर एबीवीपी की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी, प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव, वर्तमान डूसू अध्यक्ष शक्ति सिंह और सह-सचिव ज्योति चौधरी मौजूद थे।

मोनिका ने बताया कि पिछले साल हमने अपने घोषणा पत्र में वादा किया था कि डूसू का आधा बजट हम छात्राओं से संबंधित गतिविधियों पर खर्च करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने किसी भी ठीक वैसा ही है। उन्होंने बताया कि एक साल के दौरान छात्राओं के लिए साहसी, स्वयंसिद्धा जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विभिन्न पक्षकारों के साथ परिचर्चा आयोजित कर कुछ सुझाव सरकार को हमारी ओर से भेजे गए हैं। सिद्धार्थ ने बताया कि हमने डीयू के विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रशासन के खिलाफ संघर्ष किया और अधिक बार हमें कामयाबी मिली। उन्होंने बताया कि हमने पुनर्मूल्यांकन और उत्तरपुस्तिकाओं की दोबारा जांच के लिए प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया, उसके बाद जाकर विद्यार्थियों को राहत प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि इसके लिए विश्वविद्यालय एक कैलेंडर बनाए ताकि विद्यार्थियों को पता रहे कब उन्हें आवेदन करना है। उन्होंने कहा कि हमारे संघर्ष के बाद ही डीयू का पुस्तकालय अब चौबीसों घंटे खुलने लगा है। शक्ति ने बताया कि हमने एक साल के बाद डीयू प्रशासन से छात्रावासों को लेकर कई बार मुलाकात की लेकिन हमें कोई कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद हम एक प्रस्ताव तैयार कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिले जिन्होंने हमारे प्रस्ताव के आधार पर डीयू को छात्रावास निर्माण के लिए 48 करोड़ रुपए दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हमने सांसद मनोज तिवारी से दिव्यांगों के लिए परिसर में बस चलवाने के लिए 20 लाख रुपए भी मंजूर कराए हैं।

डूसू चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए नामांकन करने का अंतिम तिथि चार सितंबर है। बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआइ) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रत्याशी नामांकन करेंगे। दोनों ही संगठन चार पदों के लिए 10 से 12 प्रत्याशियों का नामांकन कराएंगे। उम्मीदवार सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

डीयू प्रशासन ने नामांकन का अंतिम दिन होने के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि किसी भी संगठन के कार्यकर्ता हुड़दंग न मचाएं। एनएसयूआइ की ओर से करीब 10 उम्मीदवारों का नामांकन कराया जाएगा। हालांकि टिकट पाने की दौड़ में चार नाम आगे चल रहे हैं। इनमें शहीद भगत सिंह कॉलेज की छात्रा चेतना त्यागी, कैंपस लॉ सेंटर के आशीष लांबा, देव नगर खालसा कॉलेज के अंकित भारती और दयाल सिंह कॉलेज के अभिषेक चपराना शामिल हैं। बताया जा रहा है कि संगठन सुनीत पहल, संजू खारी और वैष्णव सिंह से भी नामांकन करा सकता है।

दाखिले से जुड़ी शिकायतों का समाधान करेगा डीयू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधित शिकायत निवारण समिति के पास तक पहुंचीं शिकायतों का समाधान किया जाएगा। डीयू प्रशासन ने साफ किया है कि स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नए दाखिले नहीं होंगे। डूसू चुनाव के संपन्न होने के बाद दाखिले से जुड़ी शिकायतों का समाधान किया जाएगा। 12 सितंबर को डूसू चुनाव हैं और इसके नतीजे एक से दो दिन के बाद सामने आ सकते हैं।

खबरों में शहर

कथा-कहानी में मनन और सिनीवाली का रचना पाठ

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

कथा-कहानी के दूसरे वर्ष साल पहली गोष्ठी में गांधी शांति प्रतिष्ठान में सुरेंद्र मनन और सिनीवाली ने अपनी कहानियों का पाठ किया। सुरेंद्र मनन ने 'काया परकाया' और सिनीवाली ने 'अतिथि' कहानी पढ़ी। इस मौके पर नूर जहीर और राकेश कुमार के अलावा रमेश उपाध्याय, शंकर, जानकी प्रसाद शर्मा, राकेश तिवारी, विवेक मिश्र, हीरालाल राजस्थानी और रचना ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मोमिना, शिवम, अनुपम सहित कई शिक्षक और शोधार्थी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन प्रेम तिवारी ने किया। स्वागत हरियश राय ने और धन्यवाद ज्ञापन राकेश तिवारी ने किया।

एआरएसडी कॉलेज में 'अभिनय' का आयोजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज (एआरएसडी) की रंगायन सोसायटी की ओर से 'अभिनय' नाम से एकल अभिनय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के 52 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अवनी बाई के ऐतिहासिक चरित्र को निभाने वाली नेहा पोल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। ख्याति अधलखा को दूसरा और घरेलू हिंसा पर बेहतरीन अभिनय करने पर हादिया युसूफ को तीसरा पुरस्कार दिया गया। कॉलेज के प्रचार्य डॉक्टर ज्ञानतोष कुमार झा ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यार्थियों को कला और कलाकार के बीच के गहरे रिश्ते व रंगायन सोसायटी की विशेषताओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड के कई कलाकार व निर्देशकों की प्रथम पाठशाला रंगायन रही है, जहां उन्हें मांजकर रंगमंच चमकाने के लिए तैयार किया जाता है।

चितरंजन पार्क में बुजुर्ग की हत्या पर कैंडल मार्च

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

ग्रेटर कैलाश इलाके के चितरंजन पार्क में बुजुर्ग कृष्ण खोसला को फ्रिज में अगवा कर हत्या करने के मामले में मंगलवार को स्थानीय लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। पुलिस ने सोमवार देर रात दिल्ली और उत्तर प्रदेश में छापेमारी कर मुख्य आरोपी किशन व टेम्पो चालक प्रदीप शर्मा, दीपक यादव, सर्वेश, प्रभु दयाल को गिरफ्तार कर संगम विहार में छिपाकर रखा गया बुजुर्ग का शव बरामद किया। पुलिस पूछताछ में किशन ने खुलासा किया है कि बुजुर्ग की पत्नी को नशीला पदार्थ सूंघाकर घटना को अंजाम दिया। जब वह बेहोश हो गई तो बुजुर्ग का गला दबाकर हत्या करदी गई। इसके बाद पुलिस से बचने के लिए फ्रिज में शव को डालकर संगम विहार ले गए। पुलिस की लापरवाही के खिलाफ रोष और बुजुर्गों की सुरक्षा की मांग के लिए कैंडल मार्च निकाला गया।

एक्सप्रेस-वे के फ्लाईओवर पर दिखेंगी कलाकृतियां

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 3 सितंबर।

ग्रेटर नोएडा के एक्स्पो मार्ट में चल रहे यूएन ग्लोबल कांफ्रेंस के दौरान 9 दिसंबर से वीवीआइपी लोगों के आने-जाने का सिलसिला बढ़ जाएगा। इस आयोजन में 196 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। विदेशी मेहमानों को प्रदेश की संस्कृति से वाफिक कराने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर दो तरह की कलाकृतियां बनाई जाएंगी। पहली हैप्पीनेस यानी खुशी का अहसास कराएंगी। जबकि दूसरी योग के तरीकों को दर्शाएंगी।

सेक्टर-61 स्टेशन पर मेट्रो के आगे कूदकर युवक ने आत्महत्या की

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 3 सितंबर।

सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे एक युवक ने ट्रैक पर कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने वाले की पहचान संचित कुमार (22) के रूप में हुई है। वह सेक्टर-44 में रहता था। आत्महत्या करने की वजह का पता नहीं चल सका है। थाना फेज थ्री पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

घटना की वजह से ब्लू लाइन मेट्रो पर सेवा बाधित रही। संचित निजी सुरक्षाकर्मी के रूप में काम करता था। सूचना मिलने पर थाना फेज थ्री पुलिस के एसएसआइ वीरेंद्र सिंह ने शव को ट्रैक से हटवाया। इस वजह से नोएडा इलेक्ट्रानिक सिटी से अक्षरधाम जाने वाली मेट्रो सेवा करीब आधे घंटे बाधित रही।

पुलिसकर्मी पर चलाई गोली राहगीर को लगी, मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

- मृतक की पहचान हर्ष विहार में रहने वाले 50 साल के राजू के रूप में हुई

नंदनगरी इलाके में कार सवार बदमाशों ने जब पुलिस कांस्टेबल अजय पर गोली चलाई तो कांस्टेबल को बच गया लेकिन एक राहगीर की जान चली गई। पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया तो वहां उसकी मौत हो गई। इस दौरान बदमाश फरार होने में सफल हो गए लेकिन कार के नंबर के आधार पर उनकी पहचान कर ली गई है। मारे गए व्यक्ति की पहचान हर्ष विहार के रहने वाले 50 साल के राजू के रूप में हुई है। पुलिस ने धारा 307, 353, 186, 34 के साथ 25/27 शस्त्र कानून के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दे रही है।

पुलिस के मुताबिक नंदनगरी में सोमवार देर रात तकरीबन साढ़े ग्यारह बजे कार में सवार तीन बदमाश तेज गति से गाड़ी चलाते हुए भाग रहे थे। उस दौरान पुलिस कांस्टेबल अजय गश्त पर थे। उन्होंने मामला संदिग्ध होने की आशंका से पीछा किया तो बदमाशों ने अजय पर गोली चलानी शुरू कर दी। उनकी गोली से अजय तो बच गया लेकिन राजू उसका शिकार हो गया।

घायल राजू को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल में रखा गया है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर ने कहा कि बदमाश गाजियाबाद के हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

सीलमपुर में चार मंजिला इमारत गिरी, दो मरे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

सीलमपुर में सोमवार देर रात एक चार मंजिला इमारत गिर गई जिसके मलबे में दबने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए देर रात तक राहत-बचाव कार्य जारी रहा। मंगलवार सुबह सारा मलबा साफ कर दिया गया। मरने वाले की पहचान मोनी (22) और यासिन (52) के रूप में हुई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एसडीएम को घटना के जांच के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

दिल्ली पुलिस और दिल्ली अग्निशमन विभाग के मुताबिक सीलमपुर के के-ब्लॉक स्थित झुग्गियों में यह हादसा सोमवार देर रात हुआ। झुग्गी बस्ती में भी लोग पक्का मकान बनाकर रहने लगे हैं। इसी कॉलोनी में बेहद कमजोर इमारतों में एक सोमवार रात भर भराकर गिर गई। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचीं दिल्ली अग्निशमन और पुलिस की टीमें मलबे को साफ करना शुरू किया तो उसमें कई लोग फंसे हुए पाए गए। छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया जबकि दो लोगों की लाश मिली। कमजोर इमारत की सूचना लोगों ने कई बार स्थानीय प्रशासन को दी थी। इमारत के बाहर बैठे हुए लोगों को गंभीर चोट आई। घायलों को जग प्रवेश चंद्र और गुरु तेगबहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गयाख जहां मोनी और यासिन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं, अरमान (31), शाजिया बेगम (25) और शमसुद्दीन (45) गंभीर रूप से घायल हो गए।

वेबसाइट के माध्यम से पा सकेंगे आरएफआइडी टैग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

नगर निगम के रेडियो आवृत्ति पहचान (आरएफआइडी) टैग परियोजना का कार्यान्वयन के लिए ईपीसीए के अध्यक्ष भूरे लाल मंगलवार को सामने आए। उन्होंने कहा कि 13 सितंबर 2019 की मध्यरात्रि से 13 में से किसी भी टोल प्लाजा पर नकद भुगतान नहीं लिया जाएगा। प्रारंभिक कठिनाइयों के बावजूद आरएफआइडी परियोजना का कार्यान्वन प्रभावी हो रहा है क्योंकि टोल प्लाजा पर लाइनें छोटी हो रही हैं और समूची प्रक्रिया सुचारू बन रही है। ईपीसीए के अध्यक्ष भूरे लाल ने सचिव सुनीता नारायण और दक्षिणी निगम के अतिरिक्त आयुक्त रणधीर सहाय की उपस्थिति में आज वेबसाइट का शुभारंभ किया। इससे वाणिज्यिक वाहनों के मालिकों, चालकों को आरएफआईडी टैग प्राप्त करने के लिए हो रही कठिनाइयों में बहुत मदद मिलेगी। इस वेबसाइट के माध्यम से वे रिचार्ज करा सकेंगे ताकि इसीसी और एमसीडी टोल का भुगतान क्रेडिट और डेबिट कार्ड या नेटबेंकिंग से किया जा सके।

चीनी नागरिक की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों के आने पर होगा पोस्टमॉर्टम

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 3 सितंबर।

चीनी के एक नागरिक एरिक की मौत के मामले में अभी तक पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका है। मामला संदिग्ध होने की वजह पुलिस मृतक के परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमॉर्टम कराएगी। पुलिस एरिक के साथ काम करने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है।

दिल्ली के मयूर विहार पॉकेट दो निवासी संदीप कुमार की सेक्टर-63 में बैट्री बनाने की कंपनी है। उनकी कंपनी में कारोबारी दौरा करने के लिए चीनी नागरिक जांग लिसू उर्फ एरिक आए थे। वे कंपनी के सेक्टर-70 स्थित गेस्ट हाउस में ठहरे थे। 29 अगस्त की रात संदीप ने सेक्टर-18 स्थित एक बार में पार्टी आयोजित की थी। इसमें संदीप, एरिक और एक महिला तानिया शामिल हुए थे। जहां उन्होंने काफी शराब पी थी। देर रात संदीप अपनी कार से एरिक व तानिया को छोड़ने के लिए रवाना हुए थे। एरिक कार की पिछली सीट पर बैठे थे। बताया गया है कि कार जब एक्सप्रेस-वे पर सेक्टर-105 के पास पहुंची, तो एरिक ने पिछली खिड़की खोल दी। इससे वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। संदीप ने पुलिस को बताया कि नशे में होने के कारण उन्हें एरिक के कार से नीचे गिरने का पता नहीं चला। जब वे सेक्टर-105 से करीब 12 किलोमीटर दूर सेक्टर-70 गेस्ट हाउस पहुंचे, तो पता चला कि वह कार में नहीं है। इसके बाद एरिक के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो पता चला कि वह यथार्थ अस्पताल में है। 30 अगस्त की रात को एरिक की मौत हो गई थी।

निगम का अस्पताल बना कुत्तों का आशियाना

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम के स्वामी दयानंद अस्पताल कुत्तों का आशियाना बन चुका है। चारों तरफ फैली गंदगी से परेशान मरीजों का कहना है कि बिना वर्दी काम कर रहे डॉक्टर और नर्स रोगियों के उपचार में ज्यादा रुचि नहीं लेते जिससे लोगों का बुरा हाल है। सुरक्षाकर्मी इधर-उधर घूमते रहते हैं और लिफ्ट का आलम यह है कि जब अस्पताल के कर्मचारी को ऊपरी मंजिल पर जाना होता है तो वह तब ही खुलती है।

मंगलवार सुबह जब दिलशाद गार्डन स्थित निगम के स्वामी दयानंद अस्पताल में जानकारी लेने के बाबत जाना हुआ तो आइसीयू और स्वागत कक्ष के सामने डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचने के उपाय तो लिखे हुए थे लेकिन वहीं कुत्ते भी आराम से चलकर रोगियों के लिए मुसीबत खड़ी कर रहे थे। हर जगह कुत्ते ही कुत्ते मानो ऐसा लग रहा था जैसे यह मनुष्य नहीं बल्कि जानवरों का अस्पताल है।

1997 से पहले अधिग्रहित जमीन पर कब्जा लेने वाले अधिकारी-कर्मचारी निशाने पर

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 3 सितंबर।

- अधिग्रहित जमीन पर कब्जा कर बनी 53 इमारतों को नोटिस जारी
- सिर्फ कागजों पर लिया कब्जा, मौके पर अवैध लोगों का कब्जा

1997 से पहले अधिग्रहित हुई गांवों की जमीन का एक नया घोटाला सामने आया है। विकास कार्यों के लिए प्राधिकरण ने जमीन अधिग्रहित कर कागजों में तो कब्जा ले लिया लेकिन वास्तविकता में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर वहां अवैध निर्माण कर लिया। ऐसे मामलों की हाल में हुई जांच में 53 ऐसी इमारतों का पता चला है। इन इमारत के मालिकों को प्राधिकरण ने इमारत खाली करने को कहा है। ताकि इमारत ध्वस्त कर जमीन खाली कराकर किसानों के भूखंड काटे जा सकें।

प्राधिकरण की सीईओ के निर्देश पर अलग-अलग श्रेणी में अवैध इमारतों को चिह्नित कर ढहाने का काम किया जा रहा है। इसमें पांच हजार से लेकर एक लाख वर्ग मीटर तक के भूखंडों की पहचान की गई है। ज्यादातर भूखंड 1997 से पहले विकास कार्यों के लिए अधिग्रहित किए गए थे। लेकिन इन जमीनों का अधिग्रहण केवल कागजों पर हुआ। जहां भू-माफियाओं ने साठगांठ कर अवैध इमारतों का निर्माण कर कब्जा कर लिया। वर्षों पहले हुए इस निर्माण का निरीक्षण किसी अधिकारी ने नहीं किया। अब इन्हें खाली कराया जा रहा है।

बताया गया है कि 1997 से लेकर बसपा और सपा शासनकाल में कई अधिकारी इन मामलों में लिप्त रहे हैं। इनकी एक सूची तैयार की जा रही है। ताकि सरकारी राजस्व को हानि पहुंचाने, धोखाधड़ी व भ्रष्टाचार के मामले में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। इस कड़ी में हाल ही में अवैध बैंक्वेट हॉल को ढहाने गए प्राधिकरण अधिकारियों को ऐसे दस्तावेज मिले, जिसमें अभियंताओं से लेकर यूनियन से जुड़े अधिकारियों के नाम सामने आए थे। उसके बाद फाइलों की जांच का काम तेज कर दिया गया है।

दो युवकों के मिले शव, सीने और सिर पर गोली के निशान

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 3 सितंबर।

- वारदात की जगह से तमंचा और बाइक एवं कार टायर के निशान पाए गए
- एक दूसरे की हत्या या अन्य जगह हत्या कर शव डालने की पुलिस जता रही आशंका

थाना सूरजपुर इलाके में मंगलवार सुबह जुनपत गांव के पास दो युवकों के शव पड़े मिले। घटना स्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी है। दोनों युवकों के सिर और सीने में दो-दो गोलियों के निशान हैं। पुलिस ने मौके से एक तमंचा बरामद किया है। घटना स्थल के आसपास मोटरसाइकिल और कार के टायरों के निशान मिले हैं। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने अन्य जगह हत्या कर शवों को यहां डालने या दोनों ने एक-दूसरे को गोली मारने की आशंका जताई है।

मंगलवार सुबह राहगीरों से घटना की सूचना मिलने पर पहुंची थाना सूरजपुर पुलिस ने दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे। ग्रेटर नोएडा की क्षेत्राधिकारी प्रथम तनु श्रीवास्तव के मुताबिक शवों की पहचान नहीं हो सकी है। मौके से तमंचा और मोटरसाइकिल और कार टायरों के निशान मिले हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी कि यह हत्या है या फिर दोनों युवकों ने ही एक दूसरे को गोली मारी है। मृतकों के बारे में पुलिस पूछताछ कर शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

आज के कार्यक्रम

सभा/संगोष्ठी

इंडिया हेबीटेट सेंटर : शहरीकरण पर चर्चा, गुलमोहर हॉल, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

संगीत और नृत्य

इंडिया हेबीटेट सेंटर : कथक नृत्य, द स्टेन ऑडिटोरियम, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : संगीत कार्यक्रम, सीडी देशमुख ऑडिटोरियम, 40 मैक्समूलर मार्ग, दोपहर साढ़े तीन बजे।

प्रदर्शनी

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : समित दास की पेंटिंग्स और फोटो प्रदर्शनी, सेंटर एनेक्स आर्ट गैलरी, 40 मैक्समूलर मार्ग, सुबह ग्यारह बजे।

चिन्मयानंद मामले में यूपी सरकार ने किया एसआइटी का गठन

लखनऊ, 3 सितंबर (भाषा)।

स्वामी चिन्मयानंद प्रकरण में आरोपों की जांच एवं दर्ज अभियोगों की निष्पक्ष विवेचना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को विशेष जांच टीम (एसआइटी) का गठन कर दिया।

गृह विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के सुखदेवा नंद विधि महाविद्यालय में अध्ययनरत विधि छात्रा एवं उसके भाई द्वारा प्रबंधन तंत्र पर लगाए गए आरोपों को देखते हुए उनकी जांच और निष्पक्ष विवेचना के लिए एसआइटी का गठन कर दिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि एसआइटी गठित करने तथा छात्रा व उसके भाई की पढ़ाई किसी अन्य कालेज से कराए जाने तथा छात्रा व उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में शासन द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक (लोक शिकायत) नवीन अरोड़ा के नेतृत्व में एसआइटी के गठन का निर्णय लिया गया है, जिसमें सेनानायक, 41वीं वाहिनी, पीएसी, गाजियाबाद श्रीमती भारती सिंह को भी नामित किया गया है। प्रवक्ता के अनुसार शासन द्वारा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि नवीन अरोड़ा इस दल में स्वच्छ छवि के अन्य पुलिस अधिकारियों को सम्मिलित करेंगे।

यह एसआइटी शाहजहांपुर प्रकरण में लगाए गए आरोपों की जांच एवं दर्ज अभियोगों की निष्पक्ष विवेचना सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी द्वारा आयुक्त, बरेली मंडल व कुलपति, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली को पीड़ित विधि छात्रा व उसके भाई का प्रवेश महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली अथवा उससे संबद्ध किसी महाविद्यालय में कराने के संबंध में भी तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

चिन्मयानंद के हरिद्वार आश्रम से खाली लौटी पुलिस

शाहजहांपुर (उप्र), 3 सितंबर (भाषा)।

स्वामी चिन्मयानंद से पूछताछ करने गई पुलिस टीम उनके हरिद्वार आश्रम से वापस लौट आई है क्योंकि टीम को चिन्मयानंद वहां नहीं मिले।

पुलिस अधीक्षक (नगर) दिनेश त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के क्रम में एक टीम उनसे पूछताछ के लिए उनके हरिद्वार आश्रम भेजी गई थी। वहां वे नहीं मिले। टीम सोमवार को वापस लौट आई। उन्होंने बताया कि लड़की के परिजन दिल्ली में हैं, परंतु उनके घर पर पुलिस तैनात है। इसके अलावा पुलिस बराबर पूरे मामले की निगरानी कर रही है और लड़की के पिता या परिवार को अधिक सुरक्षा की आवश्यकता प्रतीत होगी तो वह उपलब्ध कराई जाएगी।

गलत जानकारी देने के मामले में अमित जोगी गिरफ्तार

बिलासपुर, 3 सितंबर (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की पुलिस ने चुनाव के दौरान अपने जन्म स्थान के बारे में गलत जानकारी देने के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे एवं पूर्व विधायक अमित जोगी को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

शासकीय अधिवक्ता संजीव राय ने मंगलवार को यहां बताया कि आज सुबह अमित जोगी को गिरफ्तार करने के बाद प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी असलम खान की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

राय ने बताया कि अदालत में जोगी (जो अधिवक्ता भी हैं) ने अपनी जमानत के लिए पैरवी की जिसका विरोध किया गया। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने (राय ने) अदालत से कहा कि मामला गंभीर श्रेणी का है, इसलिए जोगी को जमानत नहीं दी जाए। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जोगी की जमानत अर्जी अस्वीकार कर दी और उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। इससे पहले मंगलवार सुबह पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे एवं पूर्व विधायक अमित जोगी को गिरफ्तार कर लिया था।

बिलासपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने आज शहर के मरवाही सदन से अमित जोगी को गिरफ्तार किया था।

अरुण जेटली की श्रद्धांजलि सभा

वेंकैया नायडू, अमित शाह सहित अन्य ने दिवंगत नेता को किया याद

नई दिल्ली, 3 सितंबर (भाषा)।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली की श्रद्धांजलि सभा में मंगलवार को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत अनेक नेताओं एवं प्रबुद्ध लोग शामिल हुए।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि निस्वार्थ और समर्पित जनसेवा से, अरुण जेटली भारत के इतिहास में अपनी अमिट छाप छोड़ गए, जो लोगों को देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। इसमें जाने माने भजन गायक अनूप जलोटा ने अपनी प्रस्तुति दी। इसमें विभिन्न दलों के नेता मौजूद थे जिसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रविशंकर प्रसाद, धर्मेंद्र प्रधान के अलावा जदयू नेता केसी त्यागी, अकाली दल के सुखवीर सिंह बादल, बीजद के पिनाकी मिश्रा आदि शामिल हैं।

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने अपने ट्वीट में कहा, 'नई दिल्ली में श्रद्धांजलि सभा में अरुण जेटली जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।' वहीं, नायडू ने कहा कि उनके ज्ञान का व्यापक विस्तार और महत्वपूर्ण घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर उनका विवेकपूर्ण दृष्टिकोण उन्हें विलक्षण राजनेता बनाता था।

उत्तर प्रदेश में महंगी होगी बिजली, अधिसूचना जल्द

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी कर दी है। नई बिजली दरें सरकार की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी करने की तारीख से लागू हो जाएंगी। राज्य सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आठ फीसद से 12 फीसद तक दाम बढ़ाए हैं। जबकि उद्योगों के लिए बिजली के दाम में पांच से 10 फीसद तक की बढ़ोतरी की गई है। राज्य में बिजली दरों में बढ़ोतरी पर बसपा प्रमुख मायावती ने सरकार पर निशाना साधा है और इसे जनविरोधी फैसला बताया है।

उत्तर प्रदेश में विद्युत नियामक आयोग ने खर्च में बढ़ोतरी और राजस्व में कमी को पूरा करने के मकसद से मंगलवार को बिजली की दरें 11.69 फीसद तक बढ़ाने का प्रस्ताव किया। सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया कि आयोग ने नियामक अधिभार (राज्य की वितरण कंपनियों के लिए 4.28 फीसद) समाप्त कर दिया है। इस हिसाब से घरेलू, औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों में औसत 7.41 फीसद की बढ़ोतरी होगी।

बाबरी मस्जिद मामले में वादी इकबाल अंसारी पर हमला

अयोध्या, 3 सितंबर (भाषा)।

बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि मामले में मुख्य वादियों में शामिल इकबाल अंसारी पर मंगलवार को कथित रूप से हमला किया गया। अंसारी ने दावा किया कि उन्हें धमकी दी गई है कि अगर उन्होंने मामला वापस नहीं लिया तो उनकी हत्या कर दी जाएगी। उनके सुरक्षाकर्मी ने उन्हें हमलावरों से बचाया। पुलिस ने हमलावरों को हिरासत में ले लिया है।

अंसारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर एक व्यक्ति व एक महिला उनके आवास पर आए। महिला ने वर्तिका सिंह के तौर पर खुद का परिचय दिया और दावा किया कि वह अंतरराष्ट्रीय शूटर है। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं विवाद में से अपना दावा वापस ले लूं और ऐसा नहीं करने पर उसने धमकी दी कि वह मुझे गोली मार देगी। अंसारी ने बताया कि इसके बाद उन्होंने मुझ पर हमला किया, लेकिन मेरे सुरक्षाकर्मी ने मुझे बचा लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें हमले में चोट नहीं आई है। फैजाबाद के पुलिस अधीक्षक (नगर) विजय पाल सिंह ने कहा कि हमने उन्हें हिरासत में ले लिया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है तो उन्होंने कहा कि मैं आपको बता दूंगा। सुप्रीम कोर्ट ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में सुन्नी वक्फ बोर्ड और अन्य मुसलिम पक्षकारों की तरफ से मुकदमा लड़ने पर वरिष्ठ वकील राजीव धवन को कथित रूप से धमकाने पर दो व्यक्तियों से जवाब तलब किया है।

झूठी शान के लिए बहन की गला काट कर हत्या, भाई गिरफ्तार

बहराइच, 3 सितंबर (भाषा/जनसत्ता)।

जिले में शादीशुदा रिश्तेदार के साथ प्रेम प्रसंग से नाराज एक व्यक्ति ने अपनी सगी बहन की गला काट कर हत्या कर दी और उसके कटे सिर को पेट्रोल डाल कर जला दिया। पुलिस ने ढाई माह पूर्व भारत-नेपाल के सीमावर्ती रूपईडीहा क्षेत्र में परिवार की झूठी शान के लिए हत्या के इस मामले का खुलासा कर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने मंगलवार को बताया कि जून में रूपईडीहा थाना क्षेत्र स्थित बाबागंज के निर्माणाधीन मकान में एक युवती की सिर कटी लाश मिली थी। उसकी शिनाख्त के लिए शव के फोटो आसपास के गांवों में बंटवाए गए। इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का सहारा लिया गया। इसी बीच, मामले की छानबीन के दौरान सोमवार को सर्विलांस की मदद से शक होने पर पुलिस ने जमशेद नामक युवक को पकड़ कर पूछताछ की तो वह मृतका का सगा भाई निकला। पूछताछ के दौरान उसने झूठी शान की खातिर की हत्या का गुनाह कुबूल कर लिया।

SOUTH INDIAN Bank

[नियम 8 (1)]

कब्जा सूचना

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत द साउथ इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 12.2.2019 अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी कर ऋणधारक/गारन्टर 1) श्री उन्नीकृष्णन के, पुत्र स्व. केएम रमण नैयर, निवासीः आरजेड-1-37, महावीर एन्क्लेव, पालम गाँव, दिल्ली-110045 2) श्रीमती विजय लक्ष्मी वी, पत्नी उन्नीकृष्णन के, निवासीः आरजेड-1-37, महावीर एन्क्लेव, पालम गाँव, दिल्ली-110045, 3) श्री उमेश कुमार, पुत्र उन्नीकृष्णन के, निवासीः आरजेड-1-37, महावीर एन्क्लेव, पालम गाँव, दिल्ली-110045 को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 12,40,558.00 (रुपए बारह लाख चालिस हजार पांच सौ अन्ठावन मात्र) तथा आगे का ब्याज एवं लागतों को वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 13,60,162.00 (रुपये तेरह लाख साठ हजार एक सौ बासठ मात्र) 28.8.2019 को तथा उस पर ब्याज तथा लागतों के लिये द साउथ इंडियन बैंक के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

श्री उन्नीकृष्णन के तथा श्रीमती विजया लक्ष्मी वके संयुक्त नाम में उसके नीचे की भूमि में अविभाजित आनुपातिक शेयर के साथ फ्लैट नं.: एफएस-1, 2रा तल, सम्पत्ति सं. 1-37, महावीर एन्क्लेव, पालम गाँव, नई दिल्ली-110045 में जिसका विशेष रूप से विवरण एसआरओ, नई दिल्ली के बिक्री प्रलेख सं. 8768 तिथि 23.10.2009 के अंतर्गत वर्णित है तथा सम्पूर्ण सम्पत्ति की चौहद्दी है: उत्तरः अन्य सम्पत्ति, दक्षिणः अन्य सम्पत्ति, पूर्वः रोड, पश्चिमः रोड।

तिथिः 29.8.2019 प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः दिल्ली द साउथ इंडियन बैंक लि.

SALORA

SALORA INTERNATIONAL LIMITED
CIN:L74899DL1968PLC004962
Regd. Off.: D-13/4, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110020
Tel.: 011-40552341 Email: secl@salora.com Website:www.salora.com

NOTICE OF THE 50TH ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND E-VOTING INFORMATION

Notice is hereby given that 50th Annual General Meeting (AGM) of the Members of the Company will be held on Saturday, 28th September, 2019 at 11.00 A.M. at India Islamic Cultural Centre, 87-88, Lodhi Road, Lodhi Gardens, Lodi Estate, New Delhi – 110 003 to transact the business as set out in the Notice of AGM.

Electronic copy of Notice of 50th AGM and Annual Report of the Financial Year 2018-19 have been sent to all those Shareholders whose email IDs are registered with the Company's Registrar & Share Transfer Agents, M/s. Skyline Financial Services Pvt. Ltd. (Skyline)/ Depository Participant(s). Physical copy of Notice of 50th AGM and Annual Report of the Financial Year 2018-19 have also been sent to all other Shareholders at their registered address through permitted mode. Notice of 50th AGM and Annual Report for Financial Year 2018-19 are also available on the Company's website www.salora.com

Notice is also hereby given that pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 and rules made there under and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain close during the period from 22nd September, 2019 to 28th September, 2019 (both days inclusive) for the purpose of 50th AGM of the Company.

Pursuant to Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, the Company is providing to its Members e-voting facility to cast their vote on all the resolutions set forth in the Notice. The details as required pursuant to the provisions of the Companies Act, 2013 and Rules are given hereunder –

1.	Date of completion of Dispatch of AGM Notice and Balance Sheet	03.09.2019
2.	Record Date/Cut-off date for providing E-Voting Facility to shareholders	21.09.2019
3.	Date and time of commencement of voting through electronic means	25.09.2019 9:00 AM
4.	Date and time of end of voting through electronic means	27.09.2019 5:00 PM
5.	Voting through electronic means shall not be allowed beyond	5:00 PM on Friday, 27.09.2019
6.	Contact details of the person responsible to address the grievances connected with the e-voting	Mr. Virender Rana Manager-e-Voting Email: virenr@skylinerta.com Tel. No.:011-26812682

For e-voting instructions, Shareholders may go through the instructions sent with the Notice of 50th AGM and in case of any queries / grievances connected with e-voting, Shareholders may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting User Manual for Shareholders available at the website of NSDL at www.evoting.nsdl.com

For Salora International Ltd.
Sd/-
((Silky Gupta)
Company Secretary &
Compliance Officer

Place: New Delhi
Date : 03.09.2019

MMTC

कोर-1, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली-110 003, भारत
फोन नं.: +91-11-24362200, 24361889 फैक्स नं.: 24360724
ईमेल: ganarayanan@mmtclimited.com
वेबसाइट: www.mmtclimited.com, CIN No.: L51909DL1963GOI004033

विषय: आपके (शेयरधारकों) द्वारा कंपनी में धारित ईक्विटी शेयरों को निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में ट्रांसफर करने के लिए अनिवार्य सूचना

[illegible]

1.	Date of completion of Dispatch of AGM Notice and Balance Sheet	03.09.2019
2.	Record Date/Cut-off date for providing E-Voting Facility to shareholders	21.09.2019
3.	Date and time of commencement of voting through electronic means	25.09.2019 9:00 AM
4.	Date and time of end of voting through electronic means	27.09.2019 5:00 PM
5.	Voting through electronic means shall not be allowed beyond	5:00 PM on Friday, 27.09.2019
6.	Contact details of the person responsible to address the grievances connected with the e-voting	Mr. Virender Rana Manager-e-Voting Email: virenr@skylinerta.com Tel. No.:011-26812682

[illegible]

तिथि: 29.8.2019
स्थान: दिल्ली

वसूली अधिकारी-I का कार्यालय ऋण वसूली न्यायाधिकरण-II, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली-110001

आरसी सं. 343/2017 दिनांकित : 16-08-2019

कर्नाटका बैंक बनाम मेसर्स दीपांशु हिमांशु इंटरप्राइजेज

मेरे आदेश दिनांकित 16-08-2019 के अनुसार उक्त वसूली प्रमाणपत्र में निम्नवर्णित सम्पत्ति दिनांक 28-09-2019 को सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी –

नीलामी बिक्री वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से 'ऑनलाइन ई-नीलामी' होगी

नीलामी की तिथि एवं समय : 28-09-2019 को पूर्वा. 11.00 बजे और मध्या. 12.00 बजे के बीच (मध्या. 12.00 बजे के बाद 5 मिनट के विस्तारों सहित, यदि अपेक्षित है)

[redacted]

(i) संपत्ति विवरण सं. 1 भूमि माप 220 वर्ग गज और कवर्ड क्षेत्र 1340 वर्ग फुट जो खसरा नंबर 46/17 में स्थित, गांव समयपुर, अलाउद्दीन जिले समयपुर एक्सटेंशन, दिल्ली के नाम से जाना जाता है।
(ii) सुरक्षित मूल्य : रु. 79,20,000/- (रुपए उन्यासी लाख बीस हजार मात्र)
(iii) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) : रु. 7,92,000/- (रुपए सात लाख बानवे हजार मात्र)

निबंध और शर्तें

1. नीलामी बिक्री वेबसाइट पोर्टल https://drt.auctiontiger.net के माध्यम से 'ऑनलाइन ई-नीलामी' होगी।
2. ईएमडी 'वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-II, दिल्ली खाता आर/सी सं. 343/2017' के पक्ष में निम्नवर्णित ब्लाइट/पे आर्डर के माध्यम से अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा निम्नलिखित खाता – कर्नाटका बैंक लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, 8-बी, प्रथम तल, राजेंद्र पार्क, पूसा रोड, नई दिल्ली, खाता संख्या: 1443500200003701, आईएफएससी कोड : KARB0000544 में जमा करनी होगी। उक्त डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर अथवा ईएमडी के बराबर एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा भुगतान का मूल प्रमाण पहचान पत्र (निर्वाचन आयोग/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट), जिसमें आप संपत्ति/भवनपत्र के लिए पात्र होना चाहिए, की स्व-सत्यापित प्रति तथा पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति के साथ वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-II, दिल्ली के कार्यालय में अधिकतम 28-09-2019 सायं 5.00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। उसके बाद प्राप्त ईएमडी की अथवा ईएमडी के मूल प्रमाण पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. ईएमडी अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा ईएमडी के भुगतान का मूल प्रमाण सत्यापित विवरण पर "आरसी सं. 343/2017" तथा प्रेषक का विवरण अर्थात नाम, ई-मेल आईडी और मोबाइल नम्बर इत्यादि दीर्घांकित किया जाना चाहिए।
4. सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार" पर की जा रही है।
5. बोलीदाताओं को सूचना दी जाती है कि वे अपनी बोली पेश करने से पहले ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पोर्टल https://drt.auctiontiger.net अथवा सहायक बैंक के तथा/अथवा श्री अरुणाचला पी., चीफ मैनेजर, मो. नं. 09100016680, फोन नं. 011-25513466 ईमेल delhiarm@ktkbank.com से सम्पर्क करें।
6. परिभाषित बोलीदाताओं से मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्रा.लि., ए-201 /208, गाला स्ट्रीट II, ओरियंट क्लब एलिस ब्रिज के सामने, अहमदाबाद-380006, फोन नं. 079-40230808/ 807/ 831/ 832/ 833/ 813-820, ई-मेल – support@auctiontiger.net, सम्पर्क व्यक्ति – श्री कुशल कोठारी, सम्पर्क नं. 9978591888 / 8980600773 ई-मेल kushal@auctiontiger.net, श्री नितिश झा, सम्पर्क नं. 7982880393 ई-मेल delhi@auctiontiger.net और सहायक नं. हेल्पलाइन नं. 079-40230833/41072508 के पोर्टल पर रूपए की प्रोसेसिंग फीस तथा यूजर आईडी/पासवर्ड प्राप्ति आदेश के बाद किया जाना अपेक्षित है, जो उपलब्ध ई-नीलामी में बोलीदान के लिए अनिवार्य है।
7. इच्छुक बोलीदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्रा.लि. ए-201 /208, गाला स्ट्रीट II, ओरियंट क्लब एलिस ब्रिज के सामने, अहमदाबाद-380006, फोन नं. 079-40230808/ 807/ 831/ 832/ 833/ 813-820, ई-मेल – support@auctiontiger.net, सम्पर्क व्यक्ति – श्री कुशल कोठारी, सम्पर्क नं. 9978591888 / 8980600773 ई-मेल kushal@auctiontiger.net, श्री नितिश झा, सम्पर्क नं. 7982880393 ई-मेल delhi@auctiontiger.net और सहायक नं. हेल्पलाइन नं. 079-40230833/41072508 से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
8. केवल वे बोलीदाता ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने हेतु पात्र होंगे जो वैध यूजर आईडी एवं पासवर्ड और डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी भुगतान पुष्टि के पात्र हैं।
9. इच्छुक बोलीदाता को 26-09-2019 को शाम 5:30 बजे से पहले तक अपनी बोलियां दे चुके हैं तथा जो सूचित मूल्य से कम नहीं है ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने हेतु पात्र होंगे जो 28-09-2019 को पूर्वा. 11.00 बजे और मध्या. 12.00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। नीलामी समाप्त होने के अंतिम 5 मिनट में कोई बोली आने पर नीलामी समाप्त होने का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
10. बोलीदाता सफलता सुनिश्चित हेतु अपनी बोली रु. 1,00,000/- (रु. एक लाख मात्र) तक बढ़ाएंगे।
11. सफल बोलीदाता अपनी ईएमडी ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया समाप्त होने के तत्काल पश्चात नीचे वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-II, दिल्ली/सीएम बैंक नाम : कर्नाटका बैंक के कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे।
12. सफल/सफलता बोलीदाता को बिक्री/बोली मूल्य की 25 प्रतिशत राशि का विमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर तत्काल प्रभाव राशि (ईएमडी) समायोजित करने के बाद, वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-II, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 343/2017 के पक्ष में ई-नीलामी समाप्त होने के बाद 24 घंटे के भीतर प्राप्त करना होगा तथा वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-II, दिल्ली के कार्यालय द्वारा प्रदान भेजना होगा कि ई-नीलामी समाप्त होने के बाद 3 दिन के भीतर पहुंच जाना चाहिए, जिसमें असफल रहने पर धरोहर राशि (ईएमडी) जब्त कर ली जाएगी।
13. क्रेता को बिक्री मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-II, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 343/2017 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से, वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-II, दिल्ली के पास सम्पत्ति की ई-नीलामी की तिथि से 15वें दिन अथवा पूर्व, उस तिथि को छोड़कर, और 15वां दिन रविवार या अवकाश दिवस होने की स्थिति में 15वें दिन के बाद पहले कार्य दिवस को रजिस्टर, डीआरटी-II, दिल्ली के पक्ष में रु. 1000/- तक 2 प्रतिशत निर्णय शुल्क तथा रु. 1000/- से ऊपर सफल राशि पर 1 प्रतिशत निर्णय शुल्क के साथ जमा करनी होगी। (शेष 75 प्रतिशत राशि बैंक द्वारा जमा करने की तिथि से वह वसूली अधिकारी को उपरोक्तानुसार प्राप्त हो जानी चाहिए)। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, बिक्री को नई उद्घोषणा के बाद, सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी। चूककर्ता क्रेता द्वारा जमा की गई राशि, बिक्री खर्चे काटकर, यदि अधिकारियों द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, सरकारी खाते में जमा कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति या उसके किसी अंश की अनुसूची बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के संबंध में चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त माने जाएंगे।
14. अधिकारियों के पास किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य नहीं माना जाता है, अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी प्रारम्भित करने का अधिकार सुरक्षित है तथा इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम माना होगा।

संपत्ति का विवरण

लाट सं.	बिक्री के तहत सम्पत्ति का वर्णन	सम्पत्ति का ज्ञात बिक्री भार का स्थिरीकरण राजस्व	सम्पत्ति के संबंध में देय किसी अंतरभार का विवरण	सम्पत्ति के बारे में किए गए कोई दावा तथा अन्य कोई ज्ञात विवरण जो सम्पत्ति की प्रकृति और मूल्य को प्रभावित करता है।
(i)	संपत्ति विवरण सं. 1 भूमि माप 220 वर्ग गज और कवर्ड क्षेत्र 1340 वर्ग फुट जो खसरा नंबर 46/17 में स्थित, गांव समयपुर, अलाउद्दीन जिले समयपुर एक्सटेंशन, दिल्ली के नाम से जाना जाता है।	ज्ञात नहीं	ज्ञात नहीं	ज्ञात नहीं

(शिव कुमार)
वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-II, दिल्ली

RELIGARE

रेलिगेअर एंटरप्राईजेज लिमिटेड

पंजी. कार्यालयः 2रा तल, राजलोक बिल्डिंग, 24, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
CIN: L74899DL1984PLC146935
फोनः + 91-11-46272400, फैक्स नं. + 91-11-46272447,
वेबसाईटःwww.religare.com ई-मेलः investorservices@religare.com

35वीं वार्षिक साधारण सभा, ई-वोटिंग तथा पुस्तक बंद होने की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलिगेअर एंटरप्राईजेज लिमिटेड (''कंपनी'') की 35वीं वार्षिक साधारण सभा (यहां के बाद ''एजीएम'' के रूप में वर्णित) गुरुवार, 26 सितम्बर, 2019 को 4.00 बजे अप. में श्री सत्य साई इन्टरनेशनल सेन्टर, प्रगति विहार, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 में आयोजित की जाएगी जिसमें उक्त एजीएम की सूचना तिथि 08 अगस्त, 2019 में निर्दिष्ट व्यवसायों को निष्पादित किया जाएगा। एजीएम की सूचना प्रेषण की पूर्णता तिथि 01 सितम्बर, 2019 है।

एतद्द्वारा सदस्यों को पुनः सूचित किया जाता है कि एजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाईट www.religare.com तथा साथ ही एजंसी की वेबसाईट https://evoting.karvy.com पर उपलब्ध है। जिन सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो, वे उसे कंपनी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं अथवा श्रीमती रीना जायरा कंपनी के कंपनी सचिव को लिखित अनुरोध भेजकर उसकी एक प्रति मांग सकते हैं। उक्त एजीएम में निष्पादित होने वाले व्यावसायिक मदों से संबंधित वांछित दस्तावेज एजीएम की तिथि तक सभी कार्य दिवसों (शनिवार एवं रविवार को छोड़कर) को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में एवं एजीएम स्थल पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध होंगे।

ई-वोटिंग

कंपनी (प्रबंध एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20, सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन, 44 एवं इंस्टीच्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (''आईसीएसआई'') द्वारा जारी साधारण सभाओं पर सचिवालयी मानक-2 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुपालन में यह कंपनी 'https://evoting.karvy.com' के माध्यम से कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड द्वारा एजीएम की सूचना में यथा निर्दिष्ट प्रत्येक मद पर एजीएम के अन्यत्र के किसी स्थान से इलेक्ट्रॉनिक रूप से (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा मतदान करने की सुविधा अपने सदस्यों को सहर्ष उपलब्ध करा रही है। लेकिन, रिमोट ई-वोटिंग वैकल्पिक है। सभी सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है किः

i. रिमोट ई-वोटिंग सोमवार, 23 सितम्बर, 2019 (9.00 बजे पूर्वा. आईएसटी) में शुरू होगी तथा बुधवार, 25 सितंबर, 2019 (5.00 बजे सायं आईएसटी) में बंद होगी।
ii. बुधवार, 25 सितंबर, 2019 (5.00 बजे सायं आईएसटी) के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
iii. मतदान की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए कट ऑफ तिथि गुरुवार, 19 सितम्बर, 2019 (''कट-ऑफ तिथि'') होगी। रु. 10/- (रुपए दस) प्रति की सम मूल्य के 0.01% 2,50,00,000/- गैर-संचयी गैर-रूपांतरणीय विमोचनीय प्रेफरेंस शेयरों (''प्रेफरेंस शेयरों'' पर पिछले दो वर्षों से कम्पनी द्वारा लाभांश का भुगतान नहीं करने के कारण कट-ऑफ तिथि को कम्पनी का उपरोक्त प्रेफरेंस शेयर्स धारित करने वाले शेयरधारक भी उनके द्वारा धारित प्रेफरेंस शेयरों के अनुपात में सूचना में वर्णित प्रस्तावों पर मतदान करने के लिए अधिकृत होंगे।
iv. एजीएम स्थल पर मत पत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। सभा में उपस्थित होने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं किए हों, वे एजीए

जनसत्ता

4 सितंबर, 2019

पाक को झटका

दुनिया का शायद ही कोई ऐसा मंच हो, जहां कश्मीर मसले पर पाकिस्तान को मुंह की न खानी पड़ी हो। जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निष्क्रिय करने के भारत सरकार के फैसले से बौखलाया पाकिस्तान पिछले एक महीने में संयुक्त राष्ट्र से लेकर अमेरिका सहित कई देशों की शरण में जा चुका है और कश्मीर मुद्दे पर समर्थन हासिल करने की कोशिशें करता रहा है। मगर उसे सब जगह से निराशा ही हाथ लगी है। हाल में मालदीव जैसे छोटे-से देश में भी पाकिस्तान को ऐसा ही झटका लगा। मालदीव में दक्षिण एशियाई देशों के स्पीकरों के शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान के प्रतिनिधियों ने कश्मीर का मसला उठाया, लेकिन उसे कोई तवज्जो नहीं मिली, बल्कि सम्मेलन के बाद जारी माले घोषणापत्र में भी कश्मीर पर पाकिस्तान के सारे दावों को खारिज कर दिया गया। पाकिस्तान के लिए यह एक और बड़ी कूटनीतिक हार है। यह इस बात का प्रमाण है कि कश्मीर मसले पर अब दुनिया के राष्ट्र भारत के रुख का समर्थन कर रहे हैं।

पहली बात तो यह कि माले के शिखर सम्मेलन में कश्मीर मुद्दा उठाने का कोई औचित्य ही नहीं था। यह सम्मेलन दक्षिण एशियाई देशों की संसद के सदनों के अध्यक्षों का था और इसका मूल विषय सतत विकास था। लेकिन पाकिस्तान के प्रतिनिधि यहां भी बाज नहीं आए और विकास के मूल विषय से हटते हुए कश्मीर का मुद्दा उठाने की कोशिश की। इस पर भारत ने कड़ा प्रतिकार किया और संबंधित देशों के प्रतिनिधियों ने भी इस पर कड़ी आपत्ति की। सदस्यों का कहना था कि इस मंच से कश्मीर का मसला इस मंच से नहीं उठाया जा सकता। मालदीव की संसद के अध्यक्ष ने तो साफ कहा कि इस फोरम पर किसी देश के अंदरूनी मामले को नहीं उठाया जा सकता। इसीलिए कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तानी प्रतिनिधियों के बीच जो संवाद हुआ है उसे कार्यवाही से निकाल दिया गया और इसी वजह से घोषणापत्र में भी कश्मीर मसले पर कुछ नहीं कहा गया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रही कूटनीतिक नाकामी से पाकिस्तान का तिलमिलाना स्वाभाविक है। कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण कर पाकिस्तान ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण और भारत के खिलाफ झूठा प्रचार पाकिस्तान सरकार की रणनीति का हिस्सा अभिन्न हिस्सा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान खुद कह चुके हैं कि उनके विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी दुनिया के तमाम मुल्कों में जा-जाकर उनके राष्ट्र प्रमुखों से मिलेंगे और बताएंगे कि कश्मीर में भारत क्या कर रहा है। इसी रणनीति के तहत पिछले एक महीने में पाकिस्तान ने इस्लामी देशों सहित कई देशों से कश्मीर पर समर्थन मांगा। लेकिन उन्हें हाथ कुछ नहीं लगा। यहां तक कि इस्लामी देशों के संगठन तक से कोई भरोसा या मदद के संकेत नहीं मिले। किसी देश ने अनुच्छेद 370 को खत्म करने के भारत के फैसले को गलत नहीं बताया बल्कि साफ कहा कि यह भारत का अंदरूनी मामला है। सवाल है कि ऐसे में पाकिस्तान करे तो क्या करे। शाह महमूद कुरैशी तो पाक अधिकृत कश्मीर में एक जनसभा में इस हकीकत को स्वीकार कर चुके हैं कि कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान को दुनिया के मुल्कों का समर्थन मिलना आसान नहीं है। लेकिन पाकिस्तान की हुकूमत इस सच्चाई से मुंह मोड़ रही है और अपनी अवाम की आंखों में धूल झोंक रही है।

शहर में बुजुर्ग

दक्षिणी दिल्ली की एक संभ्रांत कॉलोनी में रह रहे एक इक्यानबे वर्षीय बुजुर्ग की जिस तरह उनके नौकर ने गला दबा कर हत्या कर दी और फिर लाश को फ्रिज में डाल कर ठिकाने लगाने का प्रयास किया, वह न सिर्फ राजधानी में बढ़ते अपराध, बल्कि शहरों में रह रहे बुजुर्गों की असुरक्षा को भी रेखांकित करता है। यह बुजुर्ग दंपति ग्रेटर कैलाश के एक मकान में किराए पर रह रहा था। उनके घरेलू सहायक ने दोनों को रात के भोजन में कोई नशीली दवा दे दी और बेहोश होने के बाद पति की गला दबा कर हत्या कर दी। बुजुर्ग दंपति का एक बेटा आस्ट्रेलिया में रहता है, जबकि दूसरा बेटा इसी शहर में अपना कारोबार करता और माता-पिता से अलग रहता है। महानगरों में यह विडंबना नई नहीं है कि बहुत सारे बुजुर्ग अपनी संतानों की उपेक्षा का शिकार हैं। इस वजह से कई लोग वृद्धाश्रमों में रहने को मजबूर हैं, तो कई घरेलू सहायकों के सहारे अपनी जिंदगी बसर करते हैं। जिन बच्चों को मां-बाप पढ़ा-लिखा कर योग्य बनाते हैं, वही बुढ़ापे में उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं, संवेदना का इस तरह कुंद होते जाना बड़ी चिंता का विषय है। ऐसे ही उपेक्षित लोगों में से कुछ अपने लोभी सहायकों की साजिशों का शिकार हो जाते हैं।

दिल्ली में बुजुर्गों की सुरक्षा का सवाल पुराना है। इस तरह वृद्धों की हत्या के अनेक उदाहरण हैं। कई मामलों में उनके रिश्तेदार ही संपत्ति आदि हड़पने की मंशा से उनकी हत्या कर देते हैं। कई बार लूट की वारदात भी हो चुकी है। घरेलू सहायक भी घर का सामान लूटने के मकसद से अपने दोस्तों के साथ मिल कर ऐसा कर देते हैं। इन्हीं घटनाओं के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने संभ्रांत इलाकों में अलग से गश्त शुरू की थी। पड़ोसी निगरानी योजना चलाई थी। अकेले रह रहे बुजुर्गों के घरों में आपात घंटी की व्यवस्था की गई थी, जिसे बुजुर्ग दबाएं तो सीधे थाने में सूचना पहुंचे। अब तो जगह-जगह कैमरे यानी सीसीटीवी लगाए गए हैं। मोबाइल फोनों में ऐसे ऐप्प हैं, जिनके इस्तेमाल से महिलाएं और बुजुर्ग आपातकाल में सीधे पुलिस थाने को सूचना भेज सकते हैं। घरेलू सहायकों की पहचान दर्ज कराने का नियम भी है। फिर भी बुजुर्गों की सुरक्षा की कोई गारंटी सुनिश्चित नहीं कराई जा सकी है। ग्रेटर कैलाश इलाके में हुई ताजा वारदात इसका एक उदाहरण है।

महानगरों में युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति पुलिस और समाज के लिए चिंता का विषय है। इसकी कुछ वजहें साफ हैं। संचार माध्यमों पर अपराध की घटनाओं को कुछ अधिक जगह मिलने लगी है, फिर सोशल मीडिया के आने से आपराधिक घटनाओं के नाट्य रूपांतरण खूब उपलब्ध होने लगे हैं। महानगरों में सुख-सुविधा वाली और ऐशो-आराम की जिंदगी जीने की ख्वाहिश युवाओं में बहुत तेजी से बढ़ी है। वे आसानी से धन अर्जित करने की तरकीबें सोचते रहते हैं। ऐसे में वे लूटपाट और हिंसा का रास्ता अख्तियार कर लेते हैं। आसानी से धन अर्जित करने की योजनाएं बनाने में संचार माध्यमों पर उपलब्ध आपराधिक घटनाओं के नाटकीय रूपांतर उनकी मदद करते हैं। बुजुर्ग चूंकि अक्सर अशक्त होते हैं, इसलिए उन्हें निशाना बनाना बहुत आसान होता है। ग्रेटर कैलाश के घरेलू सहायक की भी आसानी से धन अर्जित करने की लालसा को इन्हीं नाट्य रूपांतरों और आपराधिक घटनाओं की प्रस्तुतियों ने पंख दिए होंगे। महानगरों में बुजुर्गों की हिफाजत पर अभी और गंभीरता से सोचने की दरकार है।

कल्पमेधा

जातियां व्यक्तियों से बनती हैं लेकिन राष्ट्र का निर्माण केवल संस्थाओं द्वारा होता है।

-डिजराइली

एनआरसी से निकलते सवाल

संजीव पांडेय

एनआरसी की अंतिम सूची आ गई है। कानूनी दावपेंच और राजनीति अब शुरू होगी। एनआरसी को अंतिम रूप दिए जाने की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं। इस सूची में महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों को नजरअंदाज करने के आरोप भी लगे हैं। जिन 19.06 लाख लोगों को विदेशी घोषित किया गया है, उनमें से लाखों लोगों के पास वैध दस्तावेज थे, लेकिन उन्हें एनआरसी में शामिल नहीं किया गया। सवाल असम सरकार के महत्त्वपूर्ण लोगों ने ही उठाया है।

असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्ट्रर (एनआरसी) की अंतिम सूची जारी हो गई है। इसके साथ ही भारत-बांग्लादेश संबंधों पर भी चर्चा शुरू हो गई है। अंतिम सूची से उन्नीस लाख लोग बाहर हो गए हैं। एनआरसी में शामिल होने के लिए 3.29 करोड़ लोगों ने आवेदन किया था। पिछले साल जारी सूची में चालीस लाख लोगों को बाहर किया गया था। इसमें से बाहर किए लोगों ने अपना पक्ष रखा, इसके बाद अब अंतिम सूची आ गई। अंतिम सूची में इक्कीस लाख लोग और जुड़ गए और उन्नीस लाख लोग बाहर रह गए। बाहर हुए लोगों को अपने भारतीय नागरिकता संबंधी दावे के लिए विदेशी पंचाट में अपील करनी होगी। एनआरसी से बाहर किए गए लोगों के पास उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में अपील करने का भी अधिकार होगा।

एक अहम सवाल यह भी है कि जिन लोगों का नाम अंतिम सूची में नहीं है, उनका क्या किया जाएगा। क्या उन्हें वापस बांग्लादेश भेजा जाएगा? क्या वर्तमान परिस्थितियां भारत को यह अनुमति देती हैं कि जो लोग विदेशी घोषित हो चुके हैं, उन्हें वापस बांग्लादेश भेजा जाए? दक्षिण एशिया में भारत की कुछ मजबूरियां हैं। हाल ही में विदेश मंत्री एस. जयशंकर बांग्लादेश के दौरे पर गए थे। वहां पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने साफ कहा था कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्ट्रर से निकाले गए लोगों का मामला भारत का आंतरिक मामला है। इसका बांग्लादेश से कुछ लेना देना नहीं है। जयशंकर ने यह बात बांग्लादेश के विदेश मंत्री से बैठक के बाद कही थी। हालांकि इससे पहले बांग्लादेश के गृह मंत्री भारत आए थे और उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक की थी। लेकिन उस दौरान दोनों तरफ से कोई साझा बयान नहीं आया था। तब यह अंदेशा जताया गया था कि दोनों मुल्कों के बीच महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर कुछ विवाद है, जिसमें भारत में रह रहे अवैध बांग्लादेशियों का मसला भी शामिल है। हालांकि पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश के दौरे पर गए भारत के तत्कालीन गृह मंत्री ने बांग्लादेश सरकार को साफ कहा था कि बांग्लादेश निश्चिंत रहे, एनआरसी से निकाले गए लोगों को वापस बांग्लादेश नहीं भेजा जाएगा। बांग्लादेश खुद इस समय रोहिंग्या शरणार्थियों की समस्या से जूझ रहा है, ऐसे में वह भारत से वापस भेजे गए लोगों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। फिर, भारत और बांग्लादेश के बीच अभी तक अवैध नागरिकों को वापस भेजने को लेकर कोई संधि भी नहीं है।

पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान से खराब संबंध झेल रहा भारत बांग्लादेश को नाराज करने की स्थिति में नहीं है। इसके आर्थिक, रणनीतिक और कूटनीतिक कारण हैं। भारत ने हाल में अनुच्छेद 370 हटा कर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर दिया है। इससे पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और कश्मीर मसले का अंतराष्ट्रीयकरण करने में लगा है। इस स्थिति में भारत को मुसलिम बहुल देश बांग्लादेश का समर्थन हासिल करना जरूरी है। बांग्लादेश इस समय एक उभरती आर्थिक शक्ति है। उसकी जीडीपी विकास दर आठ प्रतिशत है। बांग्लादेश का प्रति व्यक्ति जीडीपी भी 1888 अमेरिकी डॉलर है, जो भारत से थोड़ा ही कम है। कई और कारणों से भी बांग्लादेश भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। बांग्लादेश में उर्जा, सड़क, दूरसंचार, रेल आदि क्षेत्र में विकास की काफी संभावना है और वहां भारतीय कंपनियों के लिए बड़ा बाजार है। यही नहीं, दक्षिण-पूर्व एशिया से भारत के व्यापारिक संबंध स्थापित करने के लिए बांग्लादेश एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है।

दूसरी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भारत को चीन का भी डर है। बांग्लादेश से संबंध खराब होने की स्थिति में वह चीन के नजदीक जा सकता है। चीन ने 'बेल्ट एंड रोड' पहल के तहत 2016 में चीन-बांग्लादेश संबंधों को नई दिशा दी है। इसके तहत चीन ने बांग्लादेश में अड़तीस अरब डालर के निवेश की योजना बनाई है। आज बांग्लादेश कपड़ा उद्योग में काफी आगे निकल चुका है। यह दुनिया का दूसरा बड़ा रेडीमेड कपड़े का निर्यातक बन गया है। ऐसे में भारत बांग्लादेश की उभरती हुई अर्थव्यस्था को नजर अंदाज नहीं कर सकता है। इन परिस्थितियों में भारत किसी भी कीमत पर राष्ट्रीय नागरिक रजिस्ट्रर से निकाले गए लोगों को वापस बांग्लादेश भेजने की जिद नहीं करेगा।

भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या पर हमेशा राजनीति होती रही है। 2003 में भारत के तत्कालीन गृह मंत्री ने भारत में अवैध बांग्लादेशियों की संख्या दस लाख के करीब बताई थी। लेकिन नवंबर 2016 में राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में तत्कालीन गृह राज्य मंत्री ने इनकी संख्या दो करोड़ बताई थी। अब अगर एनआरसी के आंकड़ों को देखें तो असम में उन्नीस लाख अवैध नागरिक हैं, जिनमें ज्यादातर बांग्लादेशी हैं। आंकड़ों में ये भिन्नता साफ करती है कि भारत सरकार के पास कोई सही आंकड़ा भारत में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशियों को लेकर नहीं है। हालांकि अब समय बदला है। बांग्लादेश की अच्छी होती आर्थिक स्थिति ने बांग्लादेशियों को बेहतर रोजी-रोटी का विकल्प बांग्लादेश से ही मुहैया करवा दिया है। इससे भारत में होने वाली अवैध घुसपैठ की संख्या कम हुई है।

एनआरसी की अंतिम सूची आ गई है। कानूनी दावपेंच और राजनीति अब शुरू होगी। एनआरसी को अंतिम रूप दिए जाने की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं। इस सूची में महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों को नजरअंदाज करने के आरोप भी लगे हैं। जिन 19.06 लाख लोगों को विदेशी घोषित किया गया है, उनमें से लाखों लोगों के पास वैध दस्तावेज थे, लेकिन उन्हें एनआरसी में शामिल नहीं किया गया। सवाल असम सरकार के महत्त्वपूर्ण लोगों ने ही उठाया है। अंतिम सूची को चुनौती देने की तैयारी हो गई है, क्योंकि चार से पांच लाख लोगों को भारतीय नागरिक साबित करने वाले जरूरी दस्तावेजों को एनआरसी ने रिकार्ड में नहीं लिया। इसमें ज्यादातर वे लोग हैं जो 1971 से पहले पूर्वी पाकिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए थे। चूंकि उस समय बांग्लादेश बना नहीं था और धार्मिक आधार पर पूर्वी पाकिस्तान मे हिंदुओं के साथ काफी भेदभाव था, इसलिए बड़ी संख्या में लोग भाग कर भारत में आ गए थे। लाखों आवेदकों के पास उस समय जारी किया गया शरणार्थी प्रमाणपत्र मौजूद है। ये प्रमाणपत्र जमा भी करवाए गए, लेकिन उन्हें संज्ञान मे नहीं लिया गया। अब ये लोग विदेशी न्यायाधिकरण में जाने की तैयारी में हैं।

दरअसल, एनआरसी मसुलिम विरोधी नहीं बल्कि बांग्ला विरोधी है। बेशक इसे धार्मिक रंग देकर राजनीति होती रही है, लेकिन अभी निकाले गए उन्नीस लाख लोगों में हिंदुओं की संख्या काफी है। दरअसल, एनआरसी की अंतिम सूची से कोई पक्ष खुश नहीं है। जो विदेशी घुसपैठियों को निकाले जाने की लगातार लड़ाई लड़ रहे थे, वे नाराज हैं। क्योंकि एनआरसी से निकाले जाने वालों की संख्या उनकी उम्मीद से काफी कम है। जबकि निकाले गए पक्ष का कहना है कि आवेदन के बाद जांच की पूरी प्रक्रिया ही खामियों भरी है। उन लाखों लोगों का नाम एनआरसी से निकाल दिया गया जिनके पास भारत की नागरिकता साबित करने के दस्तावेज मौजूद है। सर्वोच्च न्यायालय में एनआरसी के मूल आवेदक असम पब्लिक वर्कस ने उन्नीस लाख लोगों को एनआरसी से निकाले जाने को मजाक करार दिया है। ऑल असम स्टूडेंट यूनियन का तर्क है कि एनआरसी से निकाले जाने वालों की संख्या ज्यादा होनी चाहिए थी। वहीं, ऑल असम माइनोरिटी स्टूडेंट यूनियन बहुत सारे भारतीय नागरिकों को विदेशी घोषित करने का आरोप लगा रही है। ऐसे में सवाल है कौन घुसपैठिया है और कौन नहीं, यह एनआरसी से कैसे तय हो पाएगा?

सौंदर्यीकरण और रोटी

अरुणेंद्र नाथ वर्मा

दुनिया मेरे आगे

पिछले दिनों हमारे शहर का रंगोरूप अचानक निखर गया। बरसात की फुहारों का जादू मात्र होता तो सिर्फ सड़कें धुली-धुली लग रही होतीं। पर असल में जादू शहर के प्राधिकरण का है जिसकी बदौलत सड़कें पहले से दोगुनी चौड़ी लग रही हैं। जिन फुटपाथों पर कल तक फल-सब्जियों की रेहड़ियों और पान-बीड़ी-गुटके की गुमटियों की भरमार से पैदल चलना दूभर था, आज वे खाली थीं। फुटपाथ वाली साग-सब्जी की दुकानों द्वारा बिखराया कचरा और प्लास्टिक थैलियां अचानक अंतर्ध्यान हो गई हैं। किसने घुमा दी यह जादू की छड़ी? किसने शहर के छोटे-छोटे पटरी वाले दुकानदारों को अचानक जिम्मेदार नागरिक बना दिया! जरूर वे अब प्राधिकरण द्वारा निर्मित अधिकृत दुकानों में चले गए होंगे। अपनी वातानुकूलित कार की पिछली सीट पर बैठ कर मैं अखबार में खोया ही रह जाता यदि सड़कों पर बिखरा हुआ सूनापन मुझे पहले बहुत सुंदर, फिर कुछ अजीब और अंत में भयावह न लगने लगा होता।

अचानक इन सूनी सड़कों के बाद लेबर-चौक चौराहा आ गया। रियल एस्टेट सेक्टर का गुब्बारा फूटने के बाद से दिहाड़ी मजदूरों की जमात इस चौराहे पर दिखने लगी थी। उस गुब्बारे के फूटने की आवाज अब उन लाखों लोगों की उच्छवास में डूब चुकी है जो नीले आसमान के नीचे एक छत की कामना में जीवन भर की कमाई गंवा कर बैंकों के कर्जदार बन गए हैं। लाखों अधबने गगनचुंबी रिहायशी अपार्टमेंटों में पसरा सन्नाटा अब लेबर चौक में जमा भारी भीड़ के बीच गूंज रहा था।

अचानक मेरी नजर एक परिचित चेहरे पर पड़ी। वह दो साल पहले स्थानीय गोल्फ क्लब में मेरा कैडी था। एक दिन उसने बड़े उत्साह से बताया था कि उसे मानेसर में एक कार बनाने वाले कारखाने में नौकरी मिल गई। बिना कोई कौशल अर्जित किए दसवीं तक की पढ़ाई का नतीजा थी यह अकुशल श्रमिक की नौकरी। फिर भी वह बहुत उत्साहित था। आज उसे इस लेबर चौक पर देख कर आश्चर्य हुआ। पूछने पर उसने अपनी कहानी बयां कर दी। छह महीने पहले कारखाने ने मंदी की चपेट में आकर छंटनी कर दी थी। लेकिन नोएडा के एक पुराने साथी ने उसे एक एक्सपोर्ट यूनिट में काम दिला दिया था। जल्दी ही वह यूनिट भी मंदी की चपेट में आ गई। बेकारी के दिनों में ही सारी बचत गांव भेजनी पड़ गई थी जहां पिता बारिश में ध्वस्त घर की मरम्मत के लिए सहायता की गुहार लगाए हुए थे।

पिछले दिनों अखबारों और टीवी चैनलों की सुर्खियों ने सभी का ध्यान जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने पर केंद्रित कर रखा था। देश की आजादी का अखंडता से नाता जुड़ते देख कर सबके मन में देशभक्ति की लहर दौड़ गई थी। इस जोशोखरोश के बीच देश की डावांडोल आर्थिक स्थिति से केवल वे रूबरू हो पा रहे थे जिनके ऊपर मंदी का कहर सबसे पहले बरपा हुआ था। मेरे जैसों के लिए तो महंगी गाड़ियों का घर से निकलते ही भयंकर जाम में फंस जाना देश की जबर्दस्त तरक्की का जीता जागता प्रमाण था। धीरे-धीरे आर्थिक मंदी का भी जिक्र होने लगा जिस पर मेरा ध्यान नहीं गया था। यह जरूर सोचा था कि पार्किंग की तंगी और जाम से निपटने के लिए निजी कार की अपेक्षा ओला-ऊबर जैसी टैक्सी सेवाएं अधिक सुविधाजनक होंगी। तब कहां सोचा था कि कुछ महीनों के अंदर ही ऑटोमोबाइल क्षेत्र के साढ़े तीन लाख कामगारों पर सेवा समाप्ति की गाज गिरेगी और इस सुनामी को रोका न गया तो दस लाख से भी अधिक नौकरियां दम तोड़ देंगी। ऑटोमोबाइल सेक्टर के साथ-साथ बड़े कारखानों को कल-पुर्जे, स्टील और पेंट आदि माल मुहैया कराने वाले छोटे से लेकर भारी उद्योग भी मंदी की चपेट में आएंगे।

देश की भारी भरकम समस्याओं से ध्यान हटा कर मैंने उससे पूछा 'तो अब? क्या दिहाड़ी मजदूरी के अलावा और कोई उपाय नहीं?' वह कातर होकर बोला-'था न साहेब। कर्ज लेकर एक फलों की रेहड़ी लगाई थी। पिछले हफ्ते कमेटी वाले उसे जब्त करके ले गए।'

मैं स्तब्ध हूं। आर्थिक मंदी से लड़ते उद्योगों को सरकार शायद रिजर्व बैंक से एक लाख छिहत्तर हजार करोड़ की थैली पाने के बाद राहत दे सकेगी। लेकिन हमारे प्राधिकरण ने जिन सात सौ दुकानों को बनवाने की घोषणा की और उन्हें आबंटित करने के पहले ही उससे सौ गुना से भी अधिक बेसहारा गरीबों को फुटपाथों से हटा दिया, उन तक यह राहत कब पहुंचेगी! मेरी धुंधलाती आंखों के सामने अखबार में छपी मोबाइल और चेन आदि झटकने की खबरें और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बेकसूर सैन्य बलों पर बम फेंकते आतंकियों की तस्वीरें नाच रही हैं। मैं सोच रहा हूं फुटपाथों और सड़कों की सुंदरता ज्यादा जरूरी थी या इन जैसों के लिए रोटी।

मंदी की मार

देश की अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है। अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। आर्थिक सुस्ती के चलते जीडीपी वृद्धि दर पांच फीसद रह गई है। विनिर्माण क्षेत्र की दर आधा फीसद रह गई है। कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर दो फीसद रह गई है। देश के सार्वजनिक बैंक घाटे में हैं। उत्पादित वस्तुओं की मांग में कमी के कारण कंपनियों का कारोबार ठप हो गया है और बड़े पैमाने पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। हालात देख कर लगता है कि सरकार इस अप्रत्याशित मंदी से अनभिज्ञ थी, इसलिए इन मुश्किलों से निपटने की को तैयारी नहीं थी। अब आनन-फानन में बड़े फैसले किए जा रहे हैं। कई अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह मंदी अचानक नहीं आई, बल्कि सरकार द्वारा पिछले वर्षों में किए गए गलत आर्थिक फैसलों के कारण ऐसा हुआ है। नोटबंदी और जीएसटी जैसे कदम आम व्यापारियों के लिए मारक साबित हुए। सरकार को चाहिए कि पिछली गलतियों से सबक लेकर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए योग्य अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों की सलाह मानते हुए कदम उटाने चाहिए।

● *निशांत महेश त्रिपाठी, कोंढाली (नागपुर)*

संकट में जाधव

अंतरराष्ट्रीय अदालत के दबाव में पाकिस्तान कुलभूषण जाधव को राजनयिक पहुंच देने को बाध्य हुआ। तीन साल की प्रतीक्षा के बाद भारत के उपउच्चायुक्त कुलभूषण से मिले। लेकिन जो बातें सामने आई हैं वे चिंताजनक ही हैं। कुलभूषण की बातों से लग रहा है वह पाकिस्तानी दबाव में है और वही बोल रहा है जो पाकिस्तानी अधिकारी चाहते हैं। हालांकि यह तो होना ही था। इस बातचीत की रिकॉर्डिंग भी की गई। ऐसे में उसे मालूम है कि कुछ देर में भारतीय दूत तो उसके पास से चले जाएंगे। उसके बाद उन्हें तो पाकिस्तानियों की कैद में ही रहना है। कुलभूषण मामले में आइसीजे ने पिछले जुलाई में जो फैसला दिया था उसे पूरा न्याय तो नहीं कहा जा सकता। क्या पाकिस्तान की सैन्य या सिविल अदालतों से जाधव को न्याय मिल सकेगा? जबकि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सजा देने वाला जज यह कह चुका है कि उसने दबाव में आकर सजा सुनाई थी। ऐसे में कुलभूषण का क्या होगा, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। निकट भविष्य में तो कुलभूषण के पाकिस्तान के चुंगल से छूटने के आसार दिखाई नहीं देते।

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी (जमशेदपुर)*

भ्रष्टाचार का नतीजा

झारखंड की कोनार नदी पर सिंचाई परियोजना शुरू हुई थी, जिसे पूरा होने में बयालीस साल का समय लग गए। फिर कोढ़ मे खाज यह है कि झारखंड के मुख्यमंत्री द्वारा परियोजना का उद्घाटन करने के महज चौदह घंटे के अंदर ही यह परियोजना ढह गई। इससे पैंतीस गांव की फसलें पानी में डूब कर तहस-नहस हो गई। इस घटना से जाहिर होता है कि देश में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कि क्या दशा है? भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी का दीमक राष्ट्र को पूरी तरह से जर्जर कर रहा है। जो अधिकारी भी इस परियोजना में शामिल रहे हैं, वो कोई पाकिस्तान या चीन से आए हुए लोग नहीं हैं, यही के हैं। इन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसी देश का नमक खाने वाले लोग विकास निर्माण में इस प्रकार की सेंध लगाएंगे तो देश की क्या हालत होनी है! सोचा जा सकता है।

● *हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद (उज्जैन)*

नागरिकता पर सवाल

देश में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) पर फिर सवाल उठ रहे हैं। इतने बड़े और जरूरी काम में इतनी बड़ी भूल चूक कैसे हो सकती है कि ज्यादातर लोगों के नाम ही गायब हैं? यह एक चिंता का विषय है। इसको तो सीधा पैंसे और समय की बर्बादी कहेंगे। जो संस्था एनआरसी को सुप्रीम कोर्ट तक ले गई उस तक ने आंकड़ों में फेरबदल की शिकायत है। ऑल असम स्टूडेंट यूनियन (आसू) भी इसके विरोध में बोल रहा है। भाजपा और कांग्रेस भी इससे अछूते नहीं रहे और एनआरसी पर सवाल उठा रहे हैं।

क्या यह असल में देश के नागरिक पर सरासर हमला नहीं है। सवाल उठना वाजिब है लेकिन इतनी महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया में ऐसा होगा, ऐसा किसी ने सोचा भी नहीं था। लेकिन अब लग रहा है कि एनआरसी में पूरी तरह से लापरवाही बरती गई है। इस मसले को लेकर आवाज उठानी होगी ताकि एनआरसी में फिर सुधार किए जाएं और असल नागरिक को उसका अधिकार दिया जाए।

● *आशीष, रामलाल आनंद कालेज, दिल्ली*

'फिट इंडिया' अभियान

दुनिया में स्वास्थ्य से बढ़ कर कुछ भी नहीं है। शरीर अगर स्वस्थ हो तो सब कुछ अच्छा लगता है। इसलिए स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन कहा गया है। इसी कड़ी में सरकार अब आम लोगों को स्वस्थ बनाने के लिए अभियान चला रही है। पहले स्वच्छता, फिर योग और अब 'फिट इंडिया अभियान'। हाल में प्रधानमंत्री ने खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान का उदघाटन करके इसकी शुरुआत की। इस अभियान का असली मकसद प्रत्येक नागरिक को दुरुस्त रखना है। इसके लिए सरकार बड़े स्तर पर अभियान चलाएगी, शहर हो या गांव हर जगह लोगों को फिट रहने के तरीके बताए जाएंगे। इस अभियान में देश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को भी शामिल किया गया है जिसके तहत हर कॉलेज और विश्वविद्यालय को पंद्रह दिवसीय फिटनेस प्लान तैयार करना होगा और बाकायदा उसे अपने पोर्टल, वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। भारत की जीडीपी को देखें तो स्वास्थ्य पर देश में सिर्फ इसका एक फीसदी ही खर्च होता है जो पिछले एक दशक में सबसे कम है। वहीं दूसरी ओर आम जीवन में लोगों का अधिकतर खर्च दवाइयों में हो रहा है। सरकार एक तरफ स्वच्छ भारत के तहत वातावरण शुद्ध करने की ओर बढ़ रही है तो योग और फिट इंडिया के जरिए लोगों को भी सेहत के लिए सचेत करने की कोशिश की जा रही है। स्वास्थ्य पर खर्च के मामले में श्रीलंका, मालदीव और भूटान जैसे देश भी हमसे काफी आगे हैं। निस्संदेह यह अभियान सरकार की अच्छी पहल साबित हो सकता है।

● *देवपाल सिंह राणा, हापुड़।*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

epaper.jansatta.com

पंजाब के कालूवाला गांववालों को बेड़ों का सहारा

कभी पाकिस्तान के साथ युद्ध का खतरा, कभी बाढ़ की दहशत और पाकिस्तान से अक्सर ही छोड़े जाने वाले प्रदूषित पानी के सतलुज में मिलने के बाद लाल-काले रंग के इस पानी की वजह से कई जानलेवा बीमारियों से जूझते इस गांव के लोग इन सब दुश्वारियों के बावजूद अपनी जमीन छोड़ने को तैयार नहीं हैं। गांव के लोगों राशन लाने, अपनी फसलों को बिक्री के लिए बाजार पहुंचाने के लिए पूरी तरह बेड़ों पर ही निर्भर हैं। हर साल इस गांव को बाढ़ की मार पड़ती है। घर और फसलें पानी में डूब जाती हैं।

बीमारियों से बचाव के उपायों में लापरवाही

राजीव जैन
जयपुर।

राजस्थान में भारी बारिश की वजह से बीमारियों की शुरुआत हो गई है। हर साल प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग बीमारियों की रोकथाम और बचाव के उपायों पर दो महीने पहले से ही तैयारियां शुरू कर देता है लेकिन इस बार स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। राजधानी जयपुर समेत कई शहरी और ग्रामीण इलाकों में जल भराव के कारण मच्छरों के पनपने का खतरा बढ़ गया है। वहीं अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार से पीडित मरीजों की संख्या दिनोंदिन बढ़ने लगी है। दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग ने इन बीमारियों से बचाव के उपायों के लिए कोई कारगर कार्ययोजना तैयार नहीं की है। सरकारी अस्पतालों में हालात बिगड़ते जा रहे है।

राजस्थान में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की मौसमी बीमारियों से निपटने की तैयारियां आधी-अधूरी रहने से लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ पैदा होने के आसार बन गए है। स्वास्थ्य विभाग के आंकडों पर गौर करें तो बारिश शुरू होने के बाद डेंगू के 700, स्वाइन फ्लू, वायरल और अन्य बुखार के 500 से भी ज्यादा मरीज एक महीने में सामने आए हैं। मलेरिया के 64 मरीजों की पुष्टि जयपुर शहर में हुई है। निजी अस्पतालों में आने वाले मरीजों की संख्या तो इससे कई गुना ज्यादा है। प्रदेश के सरकारी और निजी चिकित्सा केंद्रों पर वायरल बुखार से पीडितों की संख्या में लगातार बढ़ रही है। चिकित्सा विभाग के पिछले दिनों चले अभियान में ही सामने आया कि प्रदेश में साधारण बुखार से दस लाख लोग बीमार हैं।

राजस्थान

सरकार ने डेंगू, स्वाइन फ्लू और मलेरिया को अधिसूचित बीमारियों की सूची में शामिल किया है। जयपुर शहर और जिले के सभी प्राथमिक और सामुदायिक केंद्रों पर एंटी लार्वा छिड़काव कराए जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में कीटनाशक दवाएं मुहैया करा दी हैं। बीमारियों पर काबू पाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया गया है। साथ ही जिला स्तर पर डॉक्टरों से सचेत रहने और सरकारी अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में पर्याप्त दवाइयां और अन्य सामग्री की व्यवस्था करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव और पीडित मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके, इसके लिए विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। विभाग ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में लार्वा रोधी छिड़काव करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।
-रघु शर्मा, चिकित्सा मंत्री

स्वास्थ विभाग बीमारियों का मौसम शुरू होने के साथ ही कागजों में कार्ययोजना बना लेता है पर उसे धरातल पर लागू नहीं करा पाता। हालांकि इसके लिए विभाग के पास अतिरिक्त बजट का आवंटन भी हो जाता है लेकिन इसका लाभ आम आदमी को नहीं मिल पाता है।

जयपुर शहर में कई जगहों पर साफ-सफाई और एंटी लार्वा के छिड़काव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जयपुर के 90 वार्डों में जल भराव वाले स्थानों पर छिड़काव के लिए 25 फील्ड वर्कर भी चिकित्सा विभाग के पास नहीं है। इतना ही नहीं जयपुर नगर निगम के पास पर्याप्त संख्या में फोगिंग मशीनें तक नहीं है। ऐसे में लोगों को मौसमी बीमारियों से बचा पाना स्वास्थ्य महकमें की तैयारियों पर सवालिया निशान लगाता है।

राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएमएस के डॉक्टर एसएन शर्मा का कहना है कि बारिश का मौसम है। बरसात थमने ही डेंगू, स्वाइन फ्लू, चिकनगुनिया, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियां बढ़ेंगी। प्रदेश में सितंबर के बाद ये बीमारियां तेजी से फैलती हैं। इन बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान अभी से चलाने की जरूरत है।

गर्व को मिलेगा चंद्रयान-2 को चंद्रमा की सतह पर उतरते हुए देखने का मौका

सुनील दत्त पांडेय
देहरादून।

उत्तराखंड के हरिद्वार के बीएचईएल के दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के कक्षा आठवीं के छात्र गर्व सक्सेना 7 सितंबर को बेंगलुरु में इसरो के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चंद्रयान-2 को चंद्रमा की सतह पर सजीव उतरते हुए देखेंगे। गर्व 4 सितंबर को हरिद्वार से बेंगलुरु जाएंगे। जब इस बात की खबर गर्व सक्सेना के परिवार वालों और स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गर्व की इस सफलता से हरिद्वार का ही नहीं बल्कि पूरे उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय पटल पर चमका है। जिससे गर्व और उसका परिवार तथा उसके स्कूल के शिक्षक और छात्र-छात्राएं खुशी के मारे झूम उठे। गर्व सक्सेना बेहद खुश हैं कि उन्हें प्रधानमंत्री के साथ चंद्रयान दो के चंद्रमा में उतरने का सजीव चित्रण देखने का मौका मिलेगा।

गर्व सक्सेना ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें एक मेल से पता लगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इसरो में चंद्रयान दो का सजीव चित्रण देखने के लिए पूरे देश के छात्र-छात्राओं के लिए एक ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गर्व सक्सेना ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया और पूछे गए सभी 20 सवालों के जवाब दिए और जब उन्हें इसरो की सूचना से यह पता चला कि प्रधानमंत्री के साथ चंद्रयान-2 का सजीव चित्रण देखने के लिए चुना गया है तो बेहद खुशी हुई। गर्व ने बताया कि वह बड़ा वैज्ञानिक बनना चाहते हैं और अब उन्हें अपने छात्र जीवन में इसरो जाने का मौका मिल रहा है।

गर्व सक्सेना के पिता पंकज सक्सेना बीएचईएल हरिद्वार की उपनगरी शिवालिक नगर में रहते हैं और वे तथा गर्व की मां मिलकर कोचिंग सेंटर चलाते हैं। गर्व सक्सेना के दादा वीके सक्सेना बीएचईएल हरिद्वार से अपर महाप्रबंधक के पद से 2006 में सेवानिवृत्त हुए हैं। गर्व को अपने दादा की तरह ही इंजीनियर या वैज्ञानिक बनने की तमन्ना है।

गर्व के पिता पंकज सक्सेना का कहना है कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि उनके बेटे ने इसरो की प्रतियोगिता को पास करके चंद्रयान-2 के चंद्रमा में उतरने के सजीव प्रसारण को देखने के प्रधानमंत्री के दल में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त किया है। इसरो में कोई जाने की कल्पना भी नहीं कर सकता है और फिर प्रधानमंत्री के साथ जाने की बात तो कोई सोच भी नहीं सकता है।

"मैं बहुत खुश हूं। इस मुकाम तक ईश्वर की कृपा और अपने माता-पिता के आशीर्वाद से पहुंचा हूं। मैं एक बड़ा वैज्ञानिक बनना चाहता हूं।
-गर्व सक्सेना

"गर्व ने हमें भी नहीं बताया कि वह इसरो की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहा है। जब इसरो से उसके नाम से हमारे घर में पत्र आया, तब हमें इसका पता चला।
-रश्मि सक्सेना, गर्व की मां

उत्तराखंड

"उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि उनके बेटे ने इसरो की प्रतियोगिता को पास किया है। इसरो में कोई जाने की कल्पना भी नहीं कर सकता है और फिर प्रधानमंत्री के साथ जाने की बात तो कोई सोच भी नहीं सकता है।
-पंकज सक्सेना, गर्व के पिता

गर्व की माता रश्मि सक्सेना भी अपने पति के साथ कोचिंग सेंटर चलाती हैं। उनका कहना है कि जब उन्हें इस बात का पता चला कि उनका बेटा इसरो में प्रधानमंत्री के साथ चंद्रयान-2 का सजीव प्रसारण बेंगलुरु में जाकर देखेगा तो उन्हें पहले तो विश्वास नहीं हुआ जब उन्होंने इसरो का पत्र देखा तो खुशी के मारे उनकी आंखों में आंसू आ गए। उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा है कि उनके बेटे ने इतनी बड़ी सफलता प्राप्त की है।

गर्व के स्कूल डीपीएस, रानीपुर, बीएचएल, हरिद्वार के प्रधानाचार्य डॉ अनुपम जग्गा का कहना है कि गर्व सक्सेना ने हमारे स्कूल का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर दिया है। हमें उस पर गर्व है। वह एक बहुत ही धीर-गंभीर छात्र है। उसकी इस महत्त्वपूर्ण सफलता से पूरा स्कूल आल्हादित है। नौकरशाही का कामकाज इतना ढीला है कि कई सालों तक अग्निशमन विभाग के जमीन मिल ही नहीं पाती है। एअरपोर्ट के पास भी एक फायर स्टेशन बनाने के लिए विभाग ने जमीन मांगी है। लेकिन अभी तक नहीं मिली है। कहीं डीडीए से जमीन मिल नहीं पा रही है तो कहीं डीडीए ने चिन्हित तो कर रखा है लेकिन आबंटित नहीं किया है।

केंद्रीय विद्यायलों के 16 विद्यार्थी प्रधानमंत्री के साथ देखेंगे चंद्रयान-2 की लैंडिंग

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से कराई गई ऑनलाइन अंतरिक्ष प्रश्नोत्तरी के माध्यम से देश के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों (केवी) से 16 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। ये देश भर से चुने गए 60 विद्यार्थियों के साथ सात सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चंद्रयान-2 की लैंडिंग के ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बनेंगे। देश भर के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से कुल 1,50,279 विद्यार्थियों ने इसरो की प्रश्नोत्तरी में भाग लिया था।

चुने गए विद्यार्थियों में दिल्ली के मनोज्ञा सिंह, गुजरात के निश्चल बदाया व अनुष्का अग्रवाल, कर्नाटक के जिशान संजीब, मध्य प्रदेश की कनिष्का गुप्ता, चंडीगढ़ के अक्षत, लक्ष्यद्वीप की बीवी नफारसत निधा, असम की देवलीना हजारिका, राजस्थान की गरिमा शर्मा, जम्मू-कश्मीर के ऑजसव, सिक्किम के यश गुप्ता, छत्तीसगढ़ की श्रीजल चंद्रकार, मिजोरम की अनया सिंह, मेघालय की अविप्सा पति, मणिपुर की सोनी और अरुणाचल प्रदेश की तेजश्विनी शामिल हैं।

इटावा सफारी की 'अनदेखी'

दिनेश शाक्य
इटावा।

चंबल की छवि को बदलने के इरादे से बीहड़ों मे निर्मित इटावा सफारी पार्क की अनदेखी भाजपा सरकार में खूब हो रही है। आश्चर्य की बात तो यह है कि मंत्री सफारी देखने के बाद उसकी सराहना तो करते हैं लेकिन बात उद्घाटन तक नहीं पहुंच पा रही है। हालांकि सांसद ने दावा किया है कि दो अक्तूबर तक सफारी आम लोगों के लिए खोल दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश

2012 में हुआ निर्माण

सफारी पार्क के निर्माण का कार्य 2012 में शुरू हुआ था और अब यह लगभग पूरा हो गया है। पहले यहां लायन सफारी बनाई जानी थी लेकिन बाद में इटावा सफारी पार्क बनाकर इसमें चार सफारियां बनाई गई। योगी सरकार के मंत्री सुरेश पासी, पूर्व वन मंत्री दारा सिंह चौहान समेत कई नेता, विधायक और सांसद सफारी की सराहना भी कर चुके हैं।

इटावा सफारी पार्क वाकई में बहुत अच्छा प्रोजेक्ट है, इससे प्रदेश का गौरव भी बढ़ेगा। गुजरात से यहां शेर लाए गए हैं, जिनसे पर्यटक भी बढ़ेंगे और प्रदेश का राजस्व भी बढ़ेगा। जब पर्यटक आएंगे तो निश्चित है कि सारी व्यवस्थाएं माकूल कर ली जाएंगी।
-सुरेश पासी, मंत्री, उत्तर प्रदेश

इटावा सौभाग्यशाली है कि गिर के बाद इटावा एशियाटिक लायन का प्रजनन केंद्र स्थापित हुआ है। शेरों की विलुप्त होती प्रजाति का एक दूसरा आशियाना भी स्थापित करा दिया गया है।
-वी.के.सिंह, निदेशक, इटावा सफारी पार्क

शावक है शान

शेरनी जेसिका ने पहले शिंबा सुल्तान उसके बाद बाहुबली की पैदाइश की। इसके बाद चार और शावक शेरनी जेसिका से हुए लेकिन एक की मौत के बाद अब तीन बचे है हालांकि तीनों शावकों का अभी नामकरण नहीं हुआ है। लाइन सफारी को खोलने के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की वो शर्त बाधा खड़ी करती है जिसका नियम यह कहता है कि जब तक दस शावक नहीं होगे सफारी चालू नहीं होगी।

फेसिलेशन सेंटर

इटावा सफारी पार्क को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए दिल्ली की कोठारी एसोसिएट से भी मदद ली गई है। उस कंपनी से 118 करोड़ से फेसिलेशन सेंटर बनाया है।

इसमे मुख्य द्वार, थीम वेस निर्माण, फोरडी थिएटर खूबसूरत प्लांनिग की गई है। आर्किटेक्ट फ्रेंक बीड़ाल ने भी यहां पर अपनी टीम के साथ काम करके इटावा सफारी पार्क को नया रूप दिया है। पार्क का यही रुप लोगों को लुभा रहा है।

कुम्हारटोली की मूर्तियों की दुनिया भर में मांग

शंकर जालान
कोलकाता।

उत्तर कोलकाता स्थित मूर्तिकारों के मठ कहे जाने वाले कुम्हारटोली इलाके में वैसे तो सैकड़ों मूर्तिकार हैं, जो कभी सरस्वती, कभी गणेश, कभी काली, कभी शीतला, कभी विश्वकर्मा और कभी दुर्गा की प्रतिमा बनाकर न केवल अपने और अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी जुटाते हैं, बल्कि छोटी-बड़ी आकार की मुंह बोलती मूर्तियां बनाने के लिए देश-दुनिया में चर्चा में भी रहते हैं, लेकिन इन सैकड़ों मूर्तिकारों में सुकुमार पाल, आनंद रक्षित, पंकज पाल, देवाशीष मंडल और चायना पाल ऐसे मूर्तिकारों के नाम हैं जितनी बनाई दुर्गा प्रतिमा न केवल पानी के रास्ते दुनिया के कई देशों में जाती हैं, बल्कि काफी सुर्खियों में भी रहती हैं। बांस और लकड़ी के ढांचे पर रस्सी से पुआल (बिचाली) बांधकर मूर्ति आकार देने के बाद यहां के मूर्तिकार मिट्टी का ऐसा लेप चढ़ाकर ऐसी मूर्ति गढ़ देते हैं, जो मानो मुंह से अब बोली..., अब बोली...!

दुगार्पूजा के दौरान इनकी व्यस्तता काफी बढ़ जाती है। शहर या आसपास के इलाकों के पंडालों में जाने वाली प्रतिमा का काम तो महालया तक चलता है, वहीं दूसरे शहर और देश में जाने वाली प्रतिमा जुलाई के अंत में रवाना कर दी जाती है।

बंगाल

मिट्टी के अलावा फाइबर, थर्माकोल और सोला से बनी यहां की प्रतिमा की ख्याति व मूर्तिकारों के हुनर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां बनी मूर्ति हर साल दुनिया के कई देशों में भेजी जाती है। इस बार जिन देशों में कुम्हारटोली में बनी प्रतिमा भेजी गई है उनमें अमेरिका, जापान, चीन, बांग्लादेश, नेपाल, नाइजीरिया का नाम शामिल है। महिला मूर्तिकार चायना पाल को एक चाल (एक साथ दुर्गा, लख्खी, सरस्वती, गणेश व कार्तिक) की मूर्ति बनाने में महारत हासिल है। इस बार चायना की बनाई दुर्गा प्रतिमा नेपाल और बांग्लादेश के लिए रवाना हो गई है। वहीं, सुकुमार पाल के हाथों बनी फाइबर की प्रतिमा अमेरिका, आनंद रक्षित द्वारा सोला से बनाई मूर्ति जापान, पंकज पाल द्वारा प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनाई गई मूर्ति चीन और देवाशीष मंडल द्वारा थर्माकोल से बनाई दुर्गा प्रतिमा नाइजीरिया के लिए रवाना हो गई है।

मूर्तिकार इंद्रजीत पाल ने बताया कि दुगार्पूजा के लिए होली के बाद से ही मूर्तियां बननी शुरू हो जाती हैं। पहले बांस व लकड़ी की फराटियां काटी जाती हैं और फिर पुआल की आकृति की बंधाई होती है। गंगाजल, गोबर, गोमूत्र और यौनकर्मियों के आंगन से मंगाई गई थोड़ी सी मिट्टी को मिलाया जाता है। उसके बाद पुआल की बनी आकृति पर चढ़ता है मिट्टी का आवरण। इन मूर्तियों को पूर्ण रूप लेते-लेते छह से सात महीने लग जाते हैं। एक अन्य मूर्तिकार ने बताया कि अब तक यहां बनी मूर्तियां दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में जा चुकी है। यहां बनी मूर्तियों को दुर्गोत्सव के समय पूजा पंडालों में देखने के लिए लाखों की भीड़ उमड़ती है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि कुम्हारटोली की जिन तंग गलियों में यहां के मूर्तिकार जिस तरह से मूर्तियों को मूर्त रूप देते हैं, उनकी माली हालत उतनी ही तंग है। कुम्हारटोली की संकीर्ण गलियों में ईश्वर भक्ति जीवंत रूप में नजर आती है, जिसे यहां के सैकड़ों मूर्तिकार, लेकिन आर्थिक अवस्था और सामाजिक सुरक्षा के अभाव में दुखी नजर आते हैं वे मूर्तिकार जो माहिर हैं मुंह बोलती मूर्तियां बनाने में।

'अब तो यहीं जीना-मरना है, कहीं और नहीं जाना'

वंदना
कालूवाला (फिरोजपुर)।

असीं तां पानी दे परिंदे हां..सानूं पानी तो कादा डर...कई तूफान, कई बाढ़ां आईयां ते गइयां पर असी न इस मिट्टी नू छड्ड के गए न ही एनूं छड्ड के जावांगे (हम तो पानी के परिंदे हैं...कई तूफान, बाढ़ें आईं-गईं..पर हम इस मिट्टी को न छोड़ कर गए कभी और न ही जाएंगे)।

अपने गांव के लिए राशन लेकर कश्ती पर सवार होकर जा रहे कालूवाला के निवासी चूड़ सिंह ने यह बात कहते हुए आंखों के कोरों तक आए आंसू पोंछते हुए मल्लाह को आवाज लगाई और कश्ती पर सवार हो चले गए, लेकिन प्रशासन और सरकार केलिए कई सवाल छोड़ गए।

कालूवाला गांव पंजाब के सीमावर्ती जिले फिरोजपुर के भारत-पाक सीमा के दस किलोमीटर के दायरे के गांवों में से ही एक है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे देश के बाकी भागों से अलग करती है। पाकिस्तान के साथ सरहद से सटा कालूवाला इस तरफ से देश का आखिरी गांव है और इसके निवासी गांव से बाहर आने-जाने के लिए कश्तियों का इस्तेमाल करते हैं। तीन तरफ से सतलुज दरिया और चौथी तरफ से पाकिस्तान सीमा के साथ लगी कंडियाली तार से घिरे टापूनूमा इस गांव के लोगों के लिए बाकी देश से जुड़ने का एकमात्र साधन बेड़ी (बड़ी कश्ती) ही है। आजकल पहले बीबीएमबी और फिर पाकिस्तान द्वारा सतलुज में पानी छोड़ने से यहां तटबंद ही बह गया और मिट्टी खिसकने से दरिया करीब 30 फुट चौड़ा हो गया है और गांव वालों की फसलें इसकी जद में आ गई हैं।

पंजाब

इस गांव में करीब 50 परिवार रहते हैं जिनका मुख्य काम खेती ही है। इसके अलावा टेंडीवाला और निहालेवाले से भी कई किसान रोजाना यहां खेती करने के लिए कश्ती से आते हैं और शाम को लौट जाते हैं। हमारा घर, फसल, जीविका तो यहीं हैं। प्रशासन हर बार हमें यहां से जाने को कह देता है। कहां जाएं और क्यों जाएं। सरकार को कुछ देना हो तो यहां भी दे सकती है। अब तो यहीं जीना-मरना है। कहीं और नहीं जाना है।
- मल्लाह इंदरजीत सिंह

ग्रामीणों ने बताया कि जून से लेकर सितंबर महीने तक वे लोग बाकी देश से संपर्क के लिए पूरी तरह बेड़ों पर ही निर्भर रहते हैं। इस दौरान दरिया में पानी इतना बढ़ जाता है और उसका बहाव इतना तीव्र हो जाता है कि नाव से दरिया पार करने में 40 मिनट लग जाते हैं। इसके बाद घुटनों से भी उपर तक सिल्ट और कीचड़ से गुजरने के बाद वे अपने गांव में पहुंच पाते हैं। इन महीनों के अलावा बाकी दिनों में सीमा सुरक्षा बल द्वारा यहां आरजी तौर पर पुल लगाया जाता है जिसका ग्रामीण कुछ हद तक इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन ज्यादातर तो तब भी बेड़ों का ही इस्तेमाल करते हैं।

गांव में डिस्पेंसरी न होने से मरीज को अस्पताल पहुंचाना भी बड़ी कसरत से कम नहीं है। रात के समय तो किसी की तबीयत खराब हो जाए तो सुबह तक का इंतजार करना पड़ता है क्योंकि कश्ती सुबह ही आती है। उसके फेरे भी सीमित होते हैं। क्योंकि ज्यादा कश्तियां नहीं हैं। मल्लाह (कश्ती चलाने वाले) को बदले में लोग उन्हें पैसे की बजाय धान और अनाज आदि देते हैं। यह भुगतान फसल की तरह ही छह माह बाद ही होता है।

इस बार भी यही हालात हैं। गांव के तीनों तरफ का पानी 30-35 फुट तक है। बहाव इतना तेज है कि बीच में भंवर बनने से कश्ती को आर-पार जाने आने में 4-5 घंटे लग रहे हैं। बाढ़ पीड़ित अपने टूटते घरों को छोड़ दूसरों के सुरक्षित घरों में पहुंच गए हैं। एक ग्रामीण ने बताया कि गांव के नंबरदार बचन सिंह ने कई लोगों को अपने घर में शरण दे रखी है। बाढ़ के कारण लाइट बंद है। नंबरदार बचन सिंह ही जनरेटर के जरिए रात के समय कुछ घंटों के लिए बिजली सप्लाई करते हैं ताकि लोग आराम से सो सकें। इसी तरह पानी भी आजकल वहीं से आ रहा है क्योंकि सप्लाई के पानी में प्रदूषित पानी मिल जाने से वह पीने के काबिल नहीं रहा।

चूड़सिंह, मलकीत सिंह, जीत सिंह काले सिंह और अमर सिंह के घर बाढ़ के पानी में जमींदोज हो गए हैं। कई घरों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं और लोग पेड़ों के नीचे बैठ कर दिन काट रहे हैं। पानी भी प्रदूषित होने से पीने के काबिल नहीं रहा। बोरवैल से ही लेकर लोग पानी पी रहे हैं।

बेचिराग रहा है कालूवाला

सिंचाई विभाग के एसडीओ सुरिंदर शर्मा बताते हैं कि करीब 20-25 साल पहले कालूवाला गांव (फिरोजपुर) बेचिराग था। जिन गांवों में ग्रामीण रहते नहीं थे सिर्फ उनकी फसलें ही थीं, उन्हें बेचिराग की श्रेणी में माना जाता है। आसपास के गांवों टेंडीवाला, मुठियावाला, निहालेवाला आदि गांवों के लोगों की वहां जमीन थीं और वे रोजाना फसल की देख रेख के लिए जाते थे और शाम होते ही बेड़े से ही वापस लौट जाते। लेकिन रात के समय पाकिस्तान की तरफ से आने वाले जंगली सूअरों के इस क्षेत्र में घुस आने से उन्हें अपनी जान और फसलों का खतरा लगा रहता था। इसी से बचने के लिए धीरे-धीरे कुछ ग्रामीणों ने वहां रहना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे वहां की आबादी 300 के करीब हो गई। गांव में 50-60 घर बन गए।

बाकी जरूरतों को पूरा करने के लिए बेड़े का ही इस्तेमाल होता है। लेकिन टेंडीवाला, निहालवाला के कई किसान अभी भी रोजाना ही वहां जाते हैं। इस गांव के एक तरफ बीएसएफ के शामोके चौकी है जहां से सतलुज का पानी इसमें प्रवेश करता है और दूसरी तरफ कस्सोके चौकी है जहां मुख्य क्रीक (नाले) के जरिए पानी इसमें मिल जाता है।

अयोध्या मामला : राजीव धवन को धमकी देने वालों को नोटिस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

सुप्रीम कोर्ट ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में मुसलिम पक्षकारों की पैरवी करने के कारण वरिष्ठ वकील राजीव धवन को कथित रूप से धमकी देने वाले दो व्यक्तियों को मंगलवार को नोटिस जारी किया।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इस भूमि विवाद पर 18वें दिन सुनवाई शुरू होते ही राजीव धवन की अवमानना याचिका पर ये नोटिस जारी किए। पीठ अवमानना के इस मामले की सुनवाई दो हफ्ते बाद करेगी।

संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं। प्रमुख याचिकाकर्ता एम सिद्दीक व ऑल इंडिया सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से पेश हो रहे वरिष्ठ वकील राजीव धवन ने पूर्व सरकारी अधिकारी एन षणमुगम और राजस्थान के निवासी संजय कलाल बजरंगी के खिलाफ शुक्रवार को शीर्ष अदालत में अवमानना याचिका दायर की थी।

उनका आरोप है कि मुसलिम पक्षकारों की ओर से पैरवी करने की वजह से उन्हें धमकी दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी एन षणमुगम से 14 अगस्त, 2019 को उन्हें एक पत्र मिला। जिसमें उन्हें

● उनका आरोप है कि मुसलिम पक्षकारों की ओर से पैरवी करने की वजह से उन्हें धमकी दी जा रही है। धवन ने यह भी कहा है कि उन्हें राजस्थान के निवासी संजय कलाल बजरंगी से वाट्सऐप संदेश मिला है और वह भी न्याय के प्रशासन में हस्तक्षेप करने का प्रयास है।

मुसलिम पक्षकारों की ओर से पेश होने की वजह से धमकी दी गई थी। धवन ने यह भी कहा है कि उन्हें राजस्थान के निवासी संजय कलाल बजरंगी से वाट्सऐप संदेश मिला है और वह भी न्याय के प्रशासन में हस्तक्षेप करने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनेक व्यक्ति धमकी भरे व्यवहार के साथ उन पर अदालत परिसर और घर तक टिप्पणी करते रहते हैं।

उन्होंने याचिका में कहा कि इस तरह से पत्र भेजकर कथित अवमाननाकर्ता ने आपराधिक अवमानना की है क्योंकि वह शीर्ष अदालत में एक पक्षकार की ओर से पेश होकर अपने दायित्व का निर्वहन करने वाले वरिष्ठ वकील को धमकी दे रहा है और उसे इस तरह का पत्र नहीं लिखना चाहिए था। धवन ने अदालत से अनुरोध किया है कि अदालत के समक्ष पेश तथ्यों के आधार पर संविधान के अनुच्छेद 129 और अदालत की अवमानना कानून की धारा 15 के तहत इसका स्वतः संज्ञान लिया जाए और इन दोनों के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही की जाए।

चंद्रमा के और करीब पहुंचा चंद्रयान-2

बंगलुरु, 3 सितंबर (भाषा)।

चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से लैंडर 'विक्रम' के अलग होने के एक दिन बाद इसरो ने मंगलवार को बताया कि उसने यान को चंद्रमा की निचली कक्षा में उतारने का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके साथ ही शनिवार को चांद की सतह पर ऐतिहासिक सॉफ्ट लैंडिग के लिए लैंडर को कक्षा से नीचे उतारने की एक अंतिम प्रक्रिया ही शेष है। इसरो ने कहा कि लैंडर पर लगी प्रणोदक प्रणाली को पहली बार इसे नीचे की कक्षा में लाने के लिए सक्रिय किया गया। इससे पहले इसने स्वतंत्र रूप से चंद्रमा की कक्षा में परिक्रमा शुरू कर दी थी।

भू-तुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान, जीएसएलवी मैक-थ्री एम1 द्वारा 22 जुलाई को पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित 3,840 किलोग्राम के चंद्रयान-2 अंतरिक्ष यान के मुख्य ऑर्बिटर द्वारा चंद्रमा की यात्रा के सभी अभियानों को अंजाम दिया गया है।

मेधा पाटकर ने भूख हड़ताल खत्म की

भोपाल, 3 सितंबर (भाषा)।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के दूत एवं पूर्व मुख्य सचिव शरदचंद्र बेहार से बातचीत के बाद नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर ने सोमवार देर रात अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी।

पाटकर पिछले नौ दिनों से अनशन पर थी। वह बड़वानी जिले के छोड़ा बड़दा गांव में नर्मदा नदी पर गुजरात में बने सरदार सरोवर बांध (एसएसडी) से मध्य प्रदेश में विस्थापितों के उचित पुर्नवास और बांध के दरवाजे खोल पानी की निकासी करने की मांग कर रही थी।

शेयर बाजार लुढ़के, रुपए में भी तेज गिरावट

मुंबई, 3 सितंबर (भाषा)।

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अप्रिय खबरों का सिलसिला जारी रहने से मंगलवार को शेयर बाजारों में जोरदार गिरावट आई।

सूचकांक और निफ्टी दोनों दो फीसद से अधिक टूट गए। अंतर बैंक विदेशी विनियम बाजार में रुपया भी 97 पैसे टूटकर 72.39 प्रति डॉलर के नौ माह के निचले स्तर पर आ गया।

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के निराशाजनक आंकड़ों, बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सुस्त पड़ने और वाहन कंपनियों की अगस्त की बिक्री में 10 फीसद से अधिक की गिरावट से निवेशकों ने घबराहटपूर्ण बिकवाली की जिससे बंबई शेयर बाजार का सूचकांक 770 अंक नीचे आ गया। निफ्टी भी 225 अंक टूटकर बंद हुआ। बिकवाली से निवेशकों की बाजार हैसियत 2.55 लाख करोड़ रुपए घट गई।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक कारोबार के दौरान 867 अंक तक नीचे आने के बाद अंत में 769.88 अंक के नुकसान से 36,562.91 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 225.35 अंक के नुकसान से 10,797.90 अंक रह गया। आइसीआइसीआइ बैंक, टाटा स्टील, वेदांता, एचडीएफसी, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और ओएनजीसी के शेयर 4.45 फीसद तक गिर गए। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 1.65 फीसद तक की गिरावट आई। अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 97 पैसे के नुकसान से 72.39 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसफ थॉमस ने कहा कि पहली तिमाही के जीडीपी की वृद्धि दर पांच फीसद पर आने और बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सुस्त पड़ने से बाजार में गिरावट आई। नकारात्मक वैश्विक संकेतकों, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध और दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती के रुख से भी धारणा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि रोजगार के निचले स्तर और वित्त की उपलब्धता नहीं होने से विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में कमजोर घरेलू खपत की स्थिति बनी है। सरकार ने सार्वजनिक बैंकों के एकीकरण की घोषणा की है। इससे इन बैंकों के शेयर टूट गए। विशेषज्ञों के मुताबिक इस कदम से निवेशकों में यह संदेश गया है कि सरकार न केवल बैंकों में नई पूंजी डाल रही है बल्कि वह उनके कार्य संचालन में भी सुधार चाहती है।

पुरी को 17 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

दिल्ली की एक अदालत ने बैंक कर्ज धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले में मंगलवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे एवं कारोबारी रतुल पुरी को 17 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बैंक कर्ज धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच कर रहा है।

विशेष न्यायाधीश संजय गर्ग ने पुरी को न्यायिक हिरासत में भेजने का निर्देश दिया। ईडी ने 20 अगस्त को पुरी को बैंक कर्ज धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। अदालत ने शुक्रवार को पुरी की हिरासत अवधि चार दिन के लिए बढ़ा दी थी। पुरी की हिरासत अवधि बढ़ाए जाने की मांग करते हुए एजंसी ने अदालत को बताया था, 'जांच के दौरान दस्तावेजों का एक बड़ा रेकॉर्ड इकट्ठा किया गया है और समय की कमी के कारण इनके सिलसिले में अभी पूछताछ नहीं हो सकी है।

आइएनएक्स मामला : चिदंबरम 5 सितंबर तक जेल नहीं भेजे जाएंगे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से थोड़ी सी राहत मिलती दिखी। उनको गुरुवार तक तिहाड़ जेल भेजे जाने की संभावना टल गई। दरअसल, सीबीआइ को शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि वह उन्हें अपनी ही हिरासत में रखे जबकि जांच एजंसी ने जोर दिया कि आइएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार कांग्रेस नेता से पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में अब और रखे जाने की जरूरत नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के 73 वर्षीय नेता से कहा कि वह निचली अदालत में दायर अंतरिम जमानत याचिका के लिए गुरुवार तक जोर नहीं दें। यह याचिका सोमवार को दायर की गई थी। चिदंबरम की सीबीआइ हिरासत की अवधि गुरुवार तक बढ़ाने के शीर्ष न्यायालय के आदेश के महज एक घंटे बाद उन्हें निचली अदालत में पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ की अदालत ने उन्हें और दो दिनों के लिए सीबीआइ की हिरासत में भेज दिया। गुरुवार का दिन कांग्रेस नेता चिदंबरम के लिए अहम होगा, जब न्यायाधीश कुहाड़ द्वारा पांच चरणों में सुनाई गई 15 दिनों की रिमांड की अवधि खत्म हो जाएगी।

सीबीआइ और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज एअरसेल-मैक्सिस मामलों में चिदंबरम एवं उनके बेटे कार्ति की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर गुरुवार को ही विशेष न्यायाधीश ओपी सैनी के भी अपना आदेश सुनाए जाने की संभावना है। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को कहा कि वह चिदंबरम के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने और बाद में उन्हें हिरासत में सौंपने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती वाली याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगा।

चिदंबरम इस राहत के लिए अपनी याचिका पर अंतरिम जमानत पा सकते हैं या सीबीआइ रिमांड की अवधि खत्म होने पर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा सकता है। एक संबद्ध विषय में, शीर्ष अदालत ने इस बात का जिक्र किया कि वह चिदंबरम की उस अलग याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट के 20 अगस्त के फैसले को चुनौती दी है। चिदंबरम ने इस याचिका में आइएनएक्स मीडिया धनशोधन के प्रवर्तन निदेशालय के मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के हाई कोर्ट के निर्णय को चुनौती दे रखी है। कांग्रेस नेता को 21 अगस्त की रात गिरफ्तार कर लिया गया था और अगले ही दिन निचली अदालत में पेश किया गया था।

राज्य में अब हालात में तेजी से सुधार

पेज 1 का बाकी

बाद राज्य में स्थिति से जुड़े एक सवाल के जवाब में सूचना व प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा कुछ पुलिस थाना क्षेत्रों कोछोड़ कर अन्य में लागू नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह सिर्फ 13 या 14 पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू है और कोई गोलीबारी नहीं हुई है, ना ही आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया है और न ही कोई हताहत हुआ है। यह बहुत महत्वपूर्ण है।' यह पूछे जाने पर कि क्या केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के हालात पर चर्चा की, जावड़ेकर ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय और जम्मू कश्मीर प्रशासन रोजाना आधार पर मीडिया को ब्योरा दे रहे हैं।

मंगलवार को कश्मीर के ज्यादातर हिस्सों में दिन के समय की पाबंदियां हटा दी गई लेकिन बाजार बंद रहे और 30 वें दिन भी सार्वजनिक परिवहन सड़कों से नदारद रहे। श्रीनगर में अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि घाटी के 90 प्रतिशत इलाकों में दिन के समय में पाबंदियां नहीं हैं। स्थिति में सुधार को देखते हुए 92 पुलिस थाना क्षेत्रों में दिन के समय की पाबंदियां हटा दी गई हैं।

इस बीच जम्मू क्षेत्र के रियासी में मंगलवार को सेना में भर्ती की सात दिवसीय रैली शुरू हुई जिसमें विभिन्न जिलों के 29,000 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण करवाया। जम्मू कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे से संबंधित अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के बाद यह पहली ऐसी भर्ती रैली है। जम्मू स्थित जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा कि यह उत्साह शांति और प्रगति को गले लगाने की स्थानीय युवाओं की इच्छा का संकेत है। भारतीय सेना का उग्रवाद निरोधक बल (वर्दी) जम्मू क्षेत्र के सात जिलों - डोडा, किश्तवाड़, राजौरी, पुंछ, उधमपुर, रामबन और रियासी - के युवकों को रोजगार देने के लिए जम्मू भर्ती कार्यालय के मार्फत यह रैली कर रहा है। लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद ने कहा, 'जम्मू क्षेत्र के 29,000 से अधिक आकांक्षी युवाओं ने पंजीकरण करवाया है और उनकी इस रैली के दौरान शारीरिक और मेडिकल फिटनेस टेस होने की संभावना है।

पत्रकार के समर्थन में उतरे विपक्षी दल

पेज 1 का बाकी

हैं। वहीं, मामले के तूल पकड़ने पर मंगलवार को प्रदेश सरकार ने कहा कि एफआइआर की समीक्षा की की जाएगी। इस बीच, मामले में आरोपी पत्रकार पवन कुमार जायसवाल ने खुद पर लगे आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि खबर में कुछ भी बनावटी नहीं है और उन पर मामला दर्ज किया जाना 'पत्रकारिता पर हमला' है।

उधर, प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने कहा कि सिर्फ कोई भ्रष्टाचार या तथ्य उजागर करने के कारण पत्रकार पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। अगर ऐसा हुआ होगा तो वह इस मामले को देखेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और सरकार के प्रवक्ता श्रीकांत शर्मा ने कहा कि पूरे प्रकरण में जो लोग दोषी पाए गए, प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है । जहां तक एफआइआर की बात है उसकी हम विवेचना कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के मिर्जापुर में हाल में एक प्राथमिक स्कूल में मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों को नमक-रोटी खिलाए जाने की खबर छापने वाले पत्रकार और ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि समेत कई लोगों के खिलाफ सरकार की छवि खराब करने के कथित कुत्सित प्रयास के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

इस बीच, प्रदेश की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने स्कूल प्रशासन की गड़बड़ी उजागर करने वाले पत्रकार पर मामला दर्ज किये जाने का विरोध करते हुए प्राथमिकी रद्द किये जाने की मांग की है। पार्टी ने ट्वीट कर कहा कि मिर्जापुर में बच्चों के निवाले छीनने वालों का काला सच उजागर करने वाले पत्रकार पवन जायसवाल पर मुकदमा स्वतंत्र और निडर पत्रकारिता पर प्रहार है। सत्ता का अहंकार भरा ये कदम भ्रष्टाचार के संकल्प को सिद्ध करता है। समाजवादी पार्टी मांग करती है कि मुकदमा रद्द किया जाए।ह्न उधर, पत्रकार के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी के विरोध में मिर्जापुर में स्थानीय पत्रकारों ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और एफआइआर वापस लेने की मांग की। स्थानीय पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल विध्याचल मंडल के आयुक्त आनंद कुमार से मिला और पत्रकार के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लेने की मांग की। मिर्जापुर प्रेस क्लब के सचिव अजय शंकर गुप्ता ने बताया कि हम चाहते हैं कि पूरे प्रकरण की जांच की जाए। आयुक्त कुमार ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी से मांगेंगे। राज्य के बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने कहा केवल कोई भ्रष्टाचार या तथ्य उजागर करने के कारण कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

जल्द बहाल होंगी मोबाइल सेवाएं

पेज 1 का बाकी

प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। उन्होंने जम्मू कश्मीर के विभिन्न जिलों के सरपंचों, फल उत्पादकों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से विस्थापित लोगों के प्रतिनिधिमंडलों से बातचीत की।

श्रीनगर जिले के हरवन के एक ग्राम प्रधान जुबेर निषाद भट्ट ने बताया कि गृह मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य में मोबाइल फोन सेवाएं अगले 15-20 दिनों में बहाल कर दी जाएंगी और उन सभी को दो-दो लाख रुपए का बीमा कवरेज प्रदान किया जाएगा। गृह मंत्रालय बयान के अनुसार शाह ने स्पष्ट किया कि स्थितियां सामान्य होते ही जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाएगा होगी। उन्होंने प्रतिनिधियों से कहा कि वे किसी अफवाह पर विश्वास नहीं करें।

गृह मंत्रालय के मुताबिक, उन्होंने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि किसी की जमीन नहीं ली जाएगी और उद्योगों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के लिए सरकारी भूमि का उपयोग किया जाएगा। शाह ने जल्द ही विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती शुरू करने का वादा किया और कहा कि सरकार प्रत्येक गांव से कम से कम पांच उम्मीदवारों की मेरिट के आधार पर भर्ती सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह भी मौजूद थे। कुपवाड़ा के एक सरपंच मीर जुनैद ने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री से सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया और उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि प्रशासन हमें सुरक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि लोग अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के कारण खुश हैं, क्योंकि उन्हें अतीत में 'मुफ्ती और अब्दुल्ला परिवारों' द्वारा डराया गया था।

मंत्री सिंह ने कहा कि किसी भी परिवार से मुक्त एक नया नेतृत्व जमीनी स्तर पर उभर रहा है और वे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाए जाने से खुश हैं। अब केंद्रीय कोष सीधे उन तक पहुंच जाएगा। गांदरबल जिले के एक सरपंच नजीर अहमद ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। पुलवामा के एक सरपंच मनोज पंडित ने कहा कि गृह मंत्री ने उनसे कहा कि उन्हें प्रत्येक गांव और प्रत्येक घर का दौरा करना चाहिए और लोगों को अनुच्छेद 370 को हटाने के लाभों से अवगत कराना चाहिए। बयान में कहा गया है कि तीनों प्रतिनिधिमंडलों ने अनुच्छेद 370 और 35ए को खत्म करने के साहसी कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री को बधाई दी। शाह ने पंचायत सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल को सूचित किया कि 73 वें और 74 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियमों के प्रावधान जम्मू-कश्मीर के लिए लागू होंगे।

पाकिस्तान में हिंदू लड़की को अगवा कर जबरन धर्मांतरण

पेज 1 का बाकी

दूसरा मामला है।' लड़की के भाई ने बताया कि उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उसने कहा, 'कहा जाता है कि अगवा करने में साथ में पढ़ने वाला छात्र बाबर अमन का हाथ है। पुलिस ने उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है।' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे मामले की जांच कर रहे हैं और अभी यह पता नहीं चल सका है कि लड़की अपने आप गई है अथवा उसे अगवा किया गया है।' पाकिस्तान में हिंदू लड़की को अगवा करके किसी मुस्लिम युवक से शादी कराने से पहले जबरदस्ती इस्लाम कबूल कराने के अनेक मामले सामने आते रहते हैं।

जबरन धर्मांतरण के विरोध में हिंदू समुदाय के नेता तथा अन्य लोगों ने सिंध में विरोध प्रदर्शन किया। पिछले सप्ताह 19 साल की एक सिख लड़की को अगवा कर उसे इस्लाम में धर्मांतरित कर एक मुसलमान युवक से उसका विवाह करा दिया गया था।

सीबीआइ हरीश रावत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करेगी

नैनीताल, 3 सितंबर (भाषा)।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के खिलाफ 2016 में सामने आए स्टिंग वीडियो मामले में प्राथमिकी दर्ज करेगा। इस वीडियो में रावत सत्ता में बने रहने के लिए अपने खिलाफ बगावत करने वाले विधायकों का समर्थन हासिल करने के लिए कथित रूप से सौदेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। जांच एजंसी ने उत्तराखंड हाई कोर्ट में न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की अदालत को मंगलवार को सूचित किया कि वह पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ स्टिंग वीडियो मामले में प्राथमिकी दर्ज करेगी।

कांग्रेस नेता शिवकुमार को ईडी ने गिरफ्तार किया

पेज 1 का बाकी

में कर्मचारी हनुमनथैया और अन्य के खिलाफ पिछले साल धनशोधन का मामला दर्ज किया था। शिवकुमार 30 अगस्त को पहली बार ईडी के सामने पेश हुए थे। बीते गुरुवार को कर्नाटक हाई कोर्ट ने ईडी के समन को चुनौती देने वाली शिवकुमार की याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्हें एजंसी के सामने पेश होना पड़ा था। शिवकुमार ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया था और कहा था कि 2017 में गुजरात की राज्यसभा सीटों पर चुनाव के दौरान विधायकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाने के कारण राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उन पर कार्रवाई की जा रही है।

वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल हुए आठ अपाचे हेलिकॉप्टर

पेज 1 का बाकी

वायुसेना के पुराने होते एमआई-35 बेड़े की जगह लेंगे और हेलिकॉप्टरों की अंतिम खेप मार्च 2020 तक उपलब्ध करा दी जाएगी। आठ अपाचे हेलिकॉप्टर जुलाई में भारत में पहुंचे, जिन्हें आज वायुसेना ने अपने बेड़े में शामिल कर लिया। भारतीय वायुसेना के पायलटों के पहले बैच को अपाचे उड़ाने के लिए अमेरिका में 2018 में प्रशिक्षण दिया गया। एएच-64 ई अपाचे हेलिकॉप्टर विश्व के अत्याधुनिक बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलिकॉप्टरों में से एक है और इसे अमेरिका समेत कई देशों की सेनाएं इस्तेमाल करती हैं।

अपाचे हेलिकॉप्टर को उड़ाने के लिए दो पायलट होने जरूरी हैं। इसकी ऊंचाई 60 फुट है और चौड़ाई करीब 50 फुट है। अपाचे हेलिकॉप्टर के बड़े विंग को चलाने के लिए दो इंजन होते हैं, इस वजह से इसकी रफ्तार बहुत ज्यादा है। अपाचे हेलिकॉप्टरों में पूर्ण एकीकृत डिजिटल कॉकपिट है जो इनकी मिशन क्षमता में वृद्धि करता है। यह किसी इलाके की टोह लेने, सुरक्षा, शांति अभियानों और हर तरह की स्थिति में घातक हमले के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। बोइंग ने एक बयान में कहा कि भारत अपाचे हेलिकॉप्टर खरीदने वाला 16वां देश है और वह हेलिकॉप्टर का अत्याधुनिक संस्करण हासिल कर रहा है।

इन हेलिकॉप्टरों को उड़ता टैंक कहा जाता है। भारत का अमेरिका और बोइंग कंपनी से 4168 करोड़ रुपए में 22 अपाचे खरीदने का करार हुआ था। 2020 तक ये सभी वायुसेना के बेड़े में शामिल हो जाएंगे। इनमें से 11 पाक सीमा के साथ पठानकोट और 11 चीन सीमा के साथ असम के जोरहाट में तैनात किए जाएंगे।

हरियाणा चुनाव के लिए 'आप' ने तैनात किए प्रभारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 सितंबर।

हरियाणा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी 'आप' ने 12 प्रभारियों की तैनाती की है।

ये प्रभारी आगामी चुनाव में पार्टी की नीति के तहत प्रचार व प्रचार अभियान को तेज करेंगे। इस प्रभारितयों की तैनाती हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिंद व कार्यालय सचिव व हरियाणा सह प्रभारी, राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने इस बाबत आदेश जारी किए हैं।

पहली ही सूची में 'आप ' ने 12 सीटों के लिए प्रभारी तय किए हैं। इन प्रभारियों में अनूप संधू (असंध), राजकुमार पहल (जुलाना), लक्ष्य गर्ग (फतेहाबाद), मंजीत रंगा (उकलाना), मनोज राठी(हांसी), मुनीपाल अत्री (गढ़ी सांपला किलोई), अनीता छिकारा (बहादुरगढ़), अश्विनी दुल्हेड़ा (बेरी), अजय शर्मा (महेंद्रगढ़), करण सिंह डागर (होडल), धरमवीर (बड़खल) व हरेंद्र भाटी(बल्लभगढ़) शामिल हैं।

ओएनजीसी में आग, चार की मौत

पेज 1 का बाकी

की अपील की और स्थिति के नियंत्रण में होने का आश्वासन दिया है।

सीआइएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि साइट पर गैस रिसाव का पता लगाने की कोशिश करने के दौरान हुए विस्फोट में कर्मियों की जान गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उरण क्षेत्र स्थित ओएनजीसी गैस प्रसंस्करण संयंत्र में आग सुबह छह बजकर 47 मिनट पर लगी, जिस पर दो घंटे के अंदर काबू पा लिया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घटना में चार लोग मारे गए और अन्य तीन घायल हुए हैं। सीआइएसएफ की उपमहानिरीक्षक ने बताया कि मृतकों की पहचान सीआइएसएफ के दमकल कर्मी एरना नायक, सतीश प्रसाद कुशवाहा और एमके पासवान के तौर पर हुई है। इनके अलावा ओएनजीसी के डीजीएम सीएन राव की भी घटना में जान चली गई।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ओएनजीसी, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी), रिलायंस ग्रुप, नवी मुंबई नागरिक निकाय और तलोजा में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम की तरफ से दमकल की 22 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। ओएनजीसी ने एक ट्वीट में कहा कि उरण संयंत्र के जल निकासी क्षेत्र में मंगलवार सुबह आग लगी, दमकल विभाग की टीम ने दो घंटे के भीतर उस पर काबू पा लिया। ओएनजीसी की मजबूत संकट शमन तैयारी ने इस बड़ी आग पर जल्द काबू पाने में मदद की। इससे पहले एक अन्य ट्वीट में उसने कहा था कि उरण तेल और गैस प्रसंस्करण संयंत्र के जल निकासी क्षेत्र में आग लग गई। ओएनजीसी, दमकल विभाग और संकट प्रबंधन दल बचाव कार्य में जुटे हैं।

ब्रिटेन में प्रधानमंत्री जॉनसन ने सदन में खोया बहुमत

पेज 1 का बाकी

तैयार हैं। गर्मियों के लंबे अवकाश के बाद सांसदों के साथ होने वाली चर्चा के लिए जॉनसन के हॉउस ऑफ कामंस पहुंचते ही फिलिप ली ने दल-बदल कर लिया। जॉनसन ने जैसे ही सदन को संबोधित करना शुरू किया, ब्रैकनेल सांसद फिलिप ली विपक्षी दल की सीट पर जा कर बैठ गए।

ली ने एक बयान में कहा, जिस पार्टी में मैं 1992 में शामिल हुआ वह मेरी पार्टी नहीं रही, मैं आज उसे छोड़ रहा हूं। उन्होंने अपनी पुरानी पार्टी पर राजनीतिक रूप से चीजों को प्रभावित करने, धौंस देने और झूठ का सहारा लेने का आरोप लगाया।

पूर्व न्याय मंत्री ने कहा कि सरकार असैद्धांतिक तरीके से ब्रेक्जिट को नुकसान पहुंचा रही है और लोगों के जीवन एवं आजीविका को जोखिम में डाल रही है।

रैगिंग और अपमान से गुजर कर पाया सम्मानित पेशा

पेज 1 का बाकी

में आए। लेकिन मैं पहली टीवी पत्रकार हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं इस स्थान से जुड़कर सौभाग्यशाली महसूस करती हूं। पत्रकार की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है और मैं इस काम की गंभीरता को समझती हूं।' उसने यह बताया कि जब वह मंगलुरु में मेडिसिन की पढ़ाई के लिए गईं, तब कैसे उसे मुश्किल स्थिति से जूझना पड़ा।' उसने कहा, 'मेरी रैगिंग की गई और मुझे अपमानित किया गया। मुझे छह महीने बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी। उसके बाद मैं बंगलुरु चली गई जहां मैंने लिंग परिवर्तन सर्जरी कराई। उसके लिए मेरे माता-पिता अब भी मुझसे नाराज हैं। अब मैं आशा करती हूं कि एक दिन जरूर वे समझेंगे।' इग्नू से बीए (साहित्य) करने के बाद सादिया ने तिरुवनंतपुरम से इलेक्ट्रोनिक पत्रकारिता में डिप्लोमा किया। सादिया ने कहा, 'पत्रकारिता संस्थान में मित्रों ने मेरा सहयोग किया। मैं प्रथम श्रेणी से पास हुई। कुछ मीडिया घराने मुझे नौकरी पर रखने के लिए अनिच्छुक थे। लेकिन कैराली ने मेरी पात्रता पर गौर किया और मुझे मौका दिया। उसने कहा कि समाज द्वारा तैयार किए अवरोधों को तोड़ना मुश्किल होता है।

उसने कहा, 'हम किसी के भी दास नहीं हैं। मैं चाहती हूं कि हम अपनी अपनी सीमाओं से बाहर आएं और अपने हिसाब से बनें। यदि जीवन में कुछ मुश्किलें हैं तो उससे बाहर निकलने के लिए कुछ कदम उठाना सदैव बेहतर होता है। हमें मौकों का इस्तेमाल करने और कठिन मेहनत करने की जरूरत है।

epaper.jansatta.com

एक ही अपराध के लिए दो प्राथमिकियां दर्ज नहीं की जा सकतीं : अदालत

ठाणे, 3 सितंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने कहा कि एक ही अपराध में एक से अधिक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती है। अदालत ने हत्या के प्रयास और दंगे के लगभग 25 वर्ष पुराने मामले में आरोपी 10 लोगों को बरी करते हुए यह टिप्पणी की।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एएस पंधारीकर ने गुरुवार के अपने आदेश में कहा कि हर जांच का अंतिम उद्देश्य यह पता लगाना होता है कि क्या अपराध किया गया है और अगर यह हुआ है तो यह किसने किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार तात्या पटेल और एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता केशरीनाथ म्हात्रे के परिवार निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने का व्यवसाय करते थे। पटेल परिवार के सदस्य और कुछ अन्य लोग 10 फरवरी, 1994 को म्हात्रे के ठाणे जिले के काशी गांव में स्थित घर पर आए और उन्हें एक ठेकेदार को निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने म्हात्रे के मकान पर कोई ज्वलनशील पदार्थ भी फेंका, जिससे मकान का कुछ हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

इस मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इनमें से तीन अभी फरार हैं, जबकि चार लोगों की मामले की सुनवाई के दौरान मौत हो गई।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

शुद्धिपत्र (ई–नीलामी बिक्री सूचना)

दिनांक 31.07.2019 को जनसत्ता हिन्दी समाचार पत्र (दिल्ली संस्करण) में ई–नीलामी सूचना प्रकाशित की गई है। भूमि: मैसर्स भूपेश कुमार शिक्षण एवम विकास संस्थान, शाखा तिलक रोड, देहरादून की सम्पत्ति नं0 3 का खसरा नं0 1053, माप 0.0401 हेक्टेयर बुटिया मलबा प्रकाशित हो गया है जिसे सही न पढ़ा जाये इसके स्थान पर विक्रय विलेख के अनुसार सही खसरा नं0 1053, माप 0.401 हेक्टेयर पढ़ा जाये। ई–नीलामी की अन्य सभी नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

दिनांक: 03.09.2019 प्राधिकृत अधिकारी

चोर होने के संदेह में बस ड्राइवर की बुरी तरह पिटाई, मौत

पालघर, 3 सितंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के पालघर में कुछ लोगों ने चोर होने के संदेह में 32 वर्षीय एक बस ड्राइवर की बुरी तरह पिटाई की, गुजरात के अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पालघर पुलिस के प्रवक्ता हेमंत काटकर ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में छह लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त को बोइसर इलाके में ड्राइवर रंजीत पांडेय एक बस के समीप खड़ा था। कुछ लोगों को संदेह हुआ कि वह गाड़ी की बैट्री चुराने और उसकी टायर से हवा निकालने की फिराक में है। उन्होंने उसे पकड़ लिया और बुरी तरह पीटा। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल पांडेय को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसे गुजरात के वलसाड के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने रविवार को दम तोड़ दिया।

जायदाद के लालच में दादा की हत्या की

बांदा, 3 सितंबर (भाषा)।

बांदा से सटे चित्रकूट जिले के पहाड़ी क्षेत्र में जायदाद की लालच में एक व्यक्ति ने अपने दादा की गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक बलवंत चौधरी ने मंगलवार को बताया कि पहाड़ी थाना क्षेत्र के इटौरा गांव में रामदास आरख (70) अपनी 15 बीघा भूमि में बोई फसल की रखवाली करते हुए दो/तीन सितंबर की रात को खेत में बनी झोपड़ी में सोए थे। सुबह उनका गला कटा शव पड़ा मिला। पूछताछ के दौरान परिजन ने बताया कि रामदास अविवाहित थे और अपने हिस्से की 15 बीघे जमीन अपने दूसरे रिश्तेदारों को देना चाह रहे थे। उनके भतीजे जगतपाल का बेटा प्रेमचंद्र, जिससे नाराज था और कई बार जमीन खुद के नाम करवाने को लेकर झगड़ा भी कर चुका था।

इसी सप्ताह से शुरू होगा 'अर्पित' कार्यक्रम

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 सितंबर।

उच्च शिक्षण संस्थाओं के सभी सेवारत शिक्षकों के पेशेवर विकास के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से शुरू किए गए वार्षिक रिफ्रेशर कार्यक्रम (अर्पित) 2019 इसी सप्ताह से शुरू हो रहा है जिसमें विभिन्न विषयों के विकास, शैक्षणिक उन्नयन और संशोधित पाठ्यक्रम के अनुपालन के तरीकों पर खास जोर दिया जाएगा। 'अर्पित' के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों के प्रशिक्षण का पहला चरण इस साल मार्च में पूरा हुआ।

इण्डियन ओवरसीज बैंक
असेट रिकवरी मैनेजमेंट शाखा
रहना बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 2, राजेन्द्र प्लेस, पूसा रोड, नई दिल्ली–110005 फोन नंबर : 011–25755124, ई–मेल आईडी : iob1997@iob.in

शुद्धि पत्र

यह जनसत्ता मैसर्स एच. जी. रिटेल सोल्यूशंस प्रा. लि. के संबंध में फाइनेंशियल एक्सप्रेस (इंग्लिश) और जनसत्ता (हिंदी) में क्रमशः 30.08.2019 और 31.08.2019 को प्रकाशित ई–नीलामी नोटिस के संबंध में है। जिसमें क्रमांक नं. 12 के तहत एक सुधार नीचे दिया गया है–
(ii) लॉट – 1 के लिए कब्जे के प्रकार को सांकेतिक के रूप में पढ़ा जाना चाहिए।
अन्य सभी नियम अपरिवर्तित रहेंगे।

प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज बैंक

प्रपत्र सं. आईएनसी–26
[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
केन्द्र सरकार, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013, की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के मामले में
तथा
युनवेग रेटोग्रैव्योर प्राईवेट लिमिटेड "कम्पनी" जिसका पंजीकृत कार्यालय: "पीडी–ब्लॉक- 106 डी, पीतमपुरा, नई दिल्ली डीएल 110034 आईएन" में है, के मामले में। - आवेदक

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली" से "हरियाणा राज्य" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 15 अप्रैल, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा ("ईओजीएम") में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केन्द्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें अथवा उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ- पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें: "पीडी–ब्लॉक- 106 डी, पीतमपुरा, नई दिल्ली डीएल 110034 आईएन"

बोर्ड के लिये तथा उसकी ओर से
युनवेग रेटोग्रैव्योर प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./-
नाम: लिली ल्यू
निदेशक
DIN: 08289830

तिथि: 2 सित., 2019
स्थान: फरीदाबाद

रीअल ग्रॉथ कॉमर्सियल एण्टरप्राईजेज लिमिटेड
CIN-L70109DL1995PLC064254
पंजी. कार्या.: 1601, आरजी ट्रेड टावर, प्लॉट नं. बी–7, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली–110034
वेबसाईट: www.realgrowth.co.in ईमेल: rgcel1995@gmail.com, फोन नं.: 011–47770500, फैक्स: 011–47770599

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार
(आँकड़े लाखों में)

क्रम सं.	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष के लिये
		30.6.2019 अनंकेक्षित	31.3.2019 अंकेक्षित	30.6.2018 अनंकेक्षित	31.3.2019 अंकेक्षित
1.	परिचालनों से कुल आय	5071.77	5023.74	5349.72	21173.63
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	(93.10)	(23.78)	(26.93)	72.80
3.	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद)	(93.10)	(23.78)	(26.93)	72.80
4.	कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं अथवा असाधारण मदों के बाद)	(93.16)	(19.40)	(18.77)	57.36
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/(हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद से शामिल)	(84.06)	(13.49)	(19.14)	63.26
	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (सम मूल्य रु. 10/- प्रति)	400.00	400.00	400.00	400.00
	आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का)				
	मूल (रु. में)	(2.33)	(0.48)	(0.47)	1.43
	तरल (रु. में)	(2.33)	(0.48)	(0.47)	1.43

टिप्पणी:
1. 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के उपरोक्त परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 2 सितम्बर, 2019 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए। सांविधिक लेखा-परीक्षकों ने उपरोक्त परिणामों पर गैर-संशोधित अभिमत प्रकट किये हैं।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत यथा निर्दिष्ट कम्पनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली, 2015 (इंड ए एस) तथा लागू होने वाली सीमा तक अन्य मान्यता प्राप्त व्यवहारों तथा सिद्धांतों के अनुसार तैयार किया गया है।
3. जहाँ भी जरूरी हुआ, कम्पनी अधिनियम, 2013 के संशोधित अनुसूची के अनुसार पूर्व के आंकड़े पुनर्वर्गीकृत/पुनर्व्यवस्थित किये गये हैं।

रीअल ग्रॉथ कॉमर्सियल एण्टरप्राईजेज लि. के
बोर्ड के लिये तथा उसकी ओर से
हस्ता./-
(दीपक गुप्ता)
पूर्ण कालिक निदेशक
DIN:01890274

स्थान: दिल्ली
तिथि: 2.9.2019

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
ONE FAMILY ONE BANK
दिल्ली अंचल कार्यालय
15, एनबीसीसी टावर, तीसरी मंजिल, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–66
फोन : 011–28164817 / 28107769 ; फैक्स : (011) 28171554 ई–मेल : legal_del@mahabank.co.in

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)
दिनांक : 30–08–2019

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 19–06–2019 जारी की थी, जिसमें 1. श्री शिव नंदन (उधारकर्ता), 2. श्रीमती पर्मिला (उधारकर्ता) से ₹ 14,09,078/- (रुपए चौदह लाख नौ हजार अठहत्तर मात्र) + अनपेक्षित ब्याज @ 9.10% प्रति वर्ष, 19–06–2019 की प्रचलित तिथि से शर्तिया दर पर लागू नहीं किया गया ब्याज का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। (सूचना रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजी गई थी)।

कर्जदार एवं गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार एवं गारंटर और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्तियों का सांकेतिक कब्जा 30 अगस्त, 2019 को प्राप्त कर लिया है।

जबकि विशेष रूप से कर्जदार एवं गारंटर को तथा सामान्य रूप से जनसाधारण को सम्पत्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार बैंक ऑफ महाराष्ट्र की उपरिवर्णित बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

कर्जदार एवं गारंटर का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

सम्पत्ति का विवरण निम्नानुसार है : आवासीय मकान की समतुल्य बंधक मुस्तासिल नंबर 184, किला नंबर 10, सवाडी 5 कनाल, 3/112 का हिस्सा, 3 मरला, शक्ती कॉलोनी, रेवाड़ी, हरियाणा में माप 93.00 वर्ग गज में स्थित

कृते बैंक ऑफ महाराष्ट्र, प्राधिकृत अधिकारी

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India
1911 में आपके लिए "सेंट्रल" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की मांग सूचना 13(2)
शाखा कार्यालय: दिलशाद गार्डन, दिल्ली–110095

यह मांग सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत एतद्द्वारा कर्जदारों/गारंटरों को उनकी गारंटी में दी गई ऋण सुविधा की बकाया राशि का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए जारी की गई है। यदि आप अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत इस सूचना के संदर्भ में नीचे वर्णित राशि और उस पर आगे ब्याज और प्रासंगिक व्यय, लागत आदि का भुगतान करने में असफल रहते हैं तो बैंक उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और अन्य लागू प्रावधान के अंतर्गत उसे प्राप्त सभी या किसी अधिकार का प्रयोग करेगा। आपको यह भी सूचना दी जाती है कि आप बिना बैंक की लिखित अनुमति लिये इस सूचना में नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री, पट्टे पर देने या अन्य लेनदेन नहीं कर सकते हैं। बकाया राशि के साथ खाता और प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:

अचल सम्पत्ति की अनुसूची एवं अन्य विवरण

कर्जदार/गारंटर का नाम	प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण	13(2) सूचना की तिथि एवं राशि
(1) कर्जदार: श्री संत राम (आवेदक एवं मृतक) श्री जगराम पुत्र स्व0 हरि दास के माध्यम से एवं स्व0 संत राम के अन्य सभी कानूनी उत्तराधिकारी, मकान नं.308, सेक्टर–17बी, वसुन्धरा, गाजियाबाद, उ0प्र0–201012 और श्री संत राम (मृतक) के अन्य सभी कानूनी वारिस जिनके पते अज्ञात हैं। (2) श्री श्री राम पुत्र स्व0 हरिदास (सह–आवेदक) मकान नं.एल–25, रेलवे रोड, गाजियाबाद, उ0प्र0–201001 एवं फ्लैट नं.बी–39/1, राजधी होम्स, निकट मॉच–बम्हेटा (आनंद अस्पताल के पीछे) लाल कुआं, गाजियाबाद, उ0प्र0–201002	आवासीय सम्पत्ति का साम्यिक बंधक जो बिना छत अधिकार के भूतल पर (फ्लैट का पिछला हिस्सा) प्लॉट नं. 52 (पुराना नं.63) पर बिल्डर फ्लैट, अर्जुन नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001. सम्पत्ति का क्षेत्र: 43.10 वर्ग मीटर एवं कवर्ड क्षेत्र: 700 वर्गफीट। स्वामित्व: श्री संत राम (मृतक) पुत्र स्व0 हरि दास, जो घिरा है:– उत्तर: एक ही इमारत पर दुकानें दक्षिण: अन्य सम्पत्ति पूर्व: प्लॉट नं.51 पश्चिम: प्लॉट नं.53	29.05.2019 को एनपीए 02.09.2019 को बकाया ₹.10,32,759.61 (जो इस सूचना की तिथि को बकाया मूलधन प्लस ब्याज को दर्शाता है)

आपका ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

स्थान: गाजियाबाद
दिनांक: 02.09.2019
प्राधिकृत अधिकारी,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, दिलशाद गार्डन, दिल्ली

RattanIndia
रतनइंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
(CIN: L40101DL2010PLC210263)
पंजीकृत कार्यालय : एन. नं. 9, छठी मंजिल, सैंक्टम हाउस, नई दिल्ली -110016
फोन : 011-46611666 फैक्स : 011-46611777
वेबसाईट: www.rattanindia.com/nl ई-मेल: ir@rattanindia.com

9वीं वार्षिक आम बैठक, ई-वोटिंग तथा शेयरधारकों के पुस्तक के परिसमापन की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि रतनइंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (कंपनी) की 9वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) गुरुवार, दिनांक 26 सितम्बर 2019 को दोपहर 12.00 बजे सेन्टोर होटल, आईजीआई एअरपोर्ट, दिल्ली-गुड़गाँव रोड, नई दिल्ली - 110 037 पर आयोजित की जा रही है, जिसमें एजीएम के नोटिस में निर्दिष्ट सभी व्यवसायों को निष्पादित किया जाएगा। वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना के साथ उपस्थिती की पर्ची और प्रॉक्सी फार्म जिनका ई-मेल पता डिपॉजिटरी द्वारा उपलब्ध किया गया है, या कंपनी के पास उपलब्ध है उन्हें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेज दी गई है। वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना के साथ उपस्थिती की पर्ची तथा प्रॉक्सी फार्म की भौतिक प्रतियाँ उन सदस्यों को जिनका ई-मेल पता पंजीकृत नहीं है, उन्हें भेज दी गई है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर और शेयर स्थानांतर बुक्स एजीएम के लिए बुधवार, 18 सितम्बर 2019 से गुरुवार, 26 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन शामिल) बंद रहेंगे। कृपया ध्यान दें, अपने तैयार संदर्भ के लिए एजीएम नोटिस तथा वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाईट www.rattanindia.com/nl और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाईट जहां कंपनी के शेयर सूचीबध्द हैं यानि बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) पर अपलोड कर दिये गए हैं और पंजीकृत कार्यालय में कार्यालय के समय में निरिक्षण कर सकते हैं।

सदस्यों को यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के अनुसार तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015, के विनियम 44 के अनुसार कंपनी, रजिस्ट्रार और स्थानांतर एजेंट, कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड (कार्वी) के द्वारा नोटिस में सूचिबद्ध व्यवसाय पर मतदान के लिए, ई-मतदान की सुविधा प्रदान करवा रही है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग फास्ट करने के लिए या वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की पात्रता रिकॉर्ड करने लिए कट ऑफ तिथि गुरुवार, दिनांक 19 सितम्बर, 2019 रहेगी। एजीएम नोटिस www.rattanindia.com/nl तथा https://evoting.karvy.com (यह वेबसाईट दूरस्थ मतदान के लिए कार्वी द्वारा प्रदान की गई है) पर भी उपलब्ध है। ई-मतदान सोमवार, दिनांक 23 सितम्बर, 2019 को सुबह 10.00 बजे शुरू होगा और बुधवार, दिनांक 25 सितम्बर, 2019 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगा। तत्पश्चात दूरस्थ ई-मतदान कार्वी के द्वारा अक्षम कर दिया जाएगा। ई-मतदान करने वाले सदस्यों को फिर से एजीएम में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के बाद तथा कट ऑफ तिथि तक कंपनी का सदस्य बना है तो वह evoting@karvy.com पर अनुरोध करके यूजर आयडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

एक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रक्रिया करने के लिए मेसर्स एस. खांडेलवाल एन्ड कंपनी के अध्यासक कंपनी सचिव श्री संजय खांडेलवाल को नियुक्त किया गया है।

सदस्य ई-मतदान करने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकते है, परन्तु उन्हें फिर से एजीएम में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सदस्य, जिन्होंने ई-मतदान का प्रयोग नहीं किया हो, वे एजीएम में मतपत्र के माध्यम से भी मतदान कर सकते है।

इलेक्ट्रॉनिक मतदान की प्रक्रिया एजीएम सूचना के साथ है https://evoting.karvy.com पर उपलब्ध है।

ई-मतदान की सुविधा से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए सदस्य श्रीमती सी शोभा आनंद, सहायक-महाप्रबंधक, कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड, से टोल फ्री नं. 1-800-3454-001 तथा evoting@karvy.com पर संपर्क कर सकते है तथा वे श्रीमती सी शोभा आनंद को कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड, (यूनिट : रतनइंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड) कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गचीबावली, वित्तीय जिला, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद-500 032 पोस्ट पर लिख भी सकते है।

कृते रतनइंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
सही/-
आर. के. अग्रवाल
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 03.09.2019

RattanIndia
रतनइंडिया पावर लिमिटेड
(CIN: L40102DL2007PLC169082)
पंजीकृत कार्यालय : ए-49, तल मंजिल, रोड नं. 4, मांडावाली, नई दिल्ली - 110037
फोन : 011-46611666 फैक्स : 011-46611777
वेबसाईट: www.rattanindia.com/rpl, ई-मेल: ir@rattanindia.com

12वीं वार्षिक आम बैठक, ई-वोटिंग तथा शेयरधारकों के पुस्तक के परिसमापन की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि रतनइंडिया पावर लिमिटेड (कंपनी) की 12वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) गुरुवार, दिनांक 26 सितम्बर 2019 को सुबह 10.00 बजे सेन्टोर होटल, आईजीआई एअरपोर्ट, दिल्ली-गुड़गाँव रोड, नई दिल्ली - 110 037 पर आयोजित की जा रही है, जिसमें एजीएम के नोटिस में निर्दिष्ट सभी व्यवसायों को निष्पादित किया जाएगा। वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना के साथ उपस्थिती की पर्ची और प्रॉक्सी फार्म जिनका ई-मेल पता डिपॉजिटरी द्वारा उपलब्ध किया गया है, या कंपनी के पास उपलब्ध है उन्हें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेज दी गई है। वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना के साथ उपस्थिती की पर्ची तथा प्रॉक्सी फार्म की भौतिक प्रतियाँ उन सदस्यों को जिनका ई-मेल पता पंजीकृत नहीं है, उन्हें भेज दी गई है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर और शेयर स्थानांतर बुक्स एजीएम के लिए बुधवार, 18 सितम्बर 2019 से गुरुवार, 26 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन शामिल) बंद रहेंगे। कृपया ध्यान दें, अपने तैयार संदर्भ के लिए एजीएम नोटिस तथा वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाईट www.rattanindia.com/rpl और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाईट जहां कंपनी के शेयर सूचीबध्द हैं यानि बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) पर अपलोड कर दिये गए हैं और पंजीकृत कार्यालय में कार्यालय के समय में निरिक्षण कर सकते हैं।

सदस्यों को यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के अनुसार तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015, के विनियम 44 के अनुसार कंपनी, रजिस्ट्रार और स्थानांतर एजेंट, कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड (कार्वी) के द्वारा नोटिस में सूचिबद्ध व्यवसाय पर मतदान के लिए, ई-मतदान की सुविधा प्रदान करवा रही है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग फास्ट करने के लिए या वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की पात्रता रिकॉर्ड करने लिए कट ऑफ तिथि गुरुवार, दिनांक 19 सितम्बर, 2019 रहेगी। एजीएम नोटिस www.rattanindia.com तथा https://evoting.karvy.com (यह वेबसाईट दूरस्थ मतदान के लिए कार्वी द्वारा प्रदान की गई है) पर भी उपलब्ध है। ई-मतदान सोमवार, दिनांक 23 सितम्बर, 2019 को सुबह 10.00 बजे शुरू होगा और बुधवार, दिनांक 25 सितम्बर, 2019 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगा। तत्पश्चात दूरस्थ ई-मतदान कार्वी के द्वारा अक्षम कर दिया जाएगा। ई-मतदान करने वाले सदस्यों को फिर से एजीएम में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के बाद तथा कट ऑफ तिथि तक कंपनी का सदस्य बना है तो वह evoting@karvy.com पर अनुरोध करके यूजर आयडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

एक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रक्रिया करने के लिए मेसर्स एस. खांडेलवाल एन्ड कंपनी के अध्यासक कंपनी सचिव श्री संजय खांडेलवाल को नियुक्त किया गया है।

सदस्य ई-मतदान करने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकते है, परन्तु उन्हें फिर से एजीएम में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सदस्य, जिन्होंने ई-मतदान का प्रयोग नहीं किया हो, वे एजीएम में मतपत्र के माध्यम से भी मतदान कर सकते है।

इलेक्ट्रॉनिक मतदान की प्रक्रिया एजीएम सूचना के साथ है https://evoting.karvy.com पर उपलब्ध है।

ई-मतदान की सुविधा से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए सदस्य श्रीमती सी शोभा आनंद, सहायक-महाप्रबंधक, कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड, से टोल फ्री नं. 1-800-3454-001 तथा evoting@karvy.com पर संपर्क कर सकते है तथा वे श्रीमती सी शोभा आनंद को कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड, (यूनिट : रतनइंडिया पावर लिमिटेड) कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गचीबावली, वित्तीय जिला, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद-500 032 पोस्ट पर लिख भी सकते है।

कृते रतनइंडिया पावर लिमिटेड
सही/-
ललित नारायण मठपति
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 03.09.2019

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (पूर्व में ए.यू. फाईनेंसियर्स (इंडिया) लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, भूपेश्वरा गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं। "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की" धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खाते के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणी/ों/सह ऋणी/ों/ गारन्टर बंधककर्ता/ों (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणी/ों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार राशि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नहीं कराये हैं तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 पाराग्राफ 4 व 14 के अन्तर्गत कब्जा उठाने हेतु रवाना होगा। जिसमें जनता वालों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की कार्रवाई तथा सरफेसी विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आम ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य की ब्याज तथा खर्चा एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करायें। इसके अतिरिक्त आम ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना भुगतान में निर्दिष्ट आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टा द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 6 (2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उठाया सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री का आयोजन के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/सहऋणी/बन्धककर्ता/गारन्

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
www.bankofbaroda.in

निविदा

बैंक ऑफ बड़ौदा देना कॉर्पोरेट सेंटर, सी-10 जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-51 हेतु हाउसकीपिंग एवं सुविधा प्रबंधन सेवाओं के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

विस्तृत विवरण एवं आवेदन फार्म बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in के ऐच्छिक अनुभाग में उपलब्ध किए गए हैं।

किसी प्रकार के परिशिष्ट, संशोधन अथवा परिवर्तन होने पर इसे वेबसाइट में अपडेट किया जाएगा. आवेदकों से अनुरोध है कि वे अंतिम प्रस्तुति से पूर्व इसे देख लें।

आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 24.09.2019 को अपराह्न 3.00 बजे तक है. आवेदन शुल्क – रु. 1000/- प्रति आवेदन (गैर-रिफंडेबल) है।

स्थान: मुंबई
दिनांक: 04.09.2019

सहायक महाप्रबंधक
(जीएडी)

Karur Vysya Bank
Smart way to bank

द करूर वैस्य बैंक लि.
मंडल कार्यालय, नं. 6, 3रा तल,
मेट्रो पिलर नं. 80 के सामने, पूसा रोड,
करोल बाग, नई दिल्ली-110005

संदर्भः अधोलिखित 1) श्री सैकुल, पुत्र उमर मोहम्मद तथा 2) श्रीमती शकीरा, पत्नी सैकुल, दोनों निवासीः एफ-113, शुभाश्रय, भिवाडी, ग्राम-इशरोडा, भिवाडी-301707 को भेजी गई श्री सैकुल की ऋण खाता में बकाये की वसूली के लिये वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफैसी अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी सूचना

जैसा कि आप ने प्रतिभूत क्रेडीटर बैंक को उपरोक्त ऋण खाता में ऋणों के पुनर्भुगतान में चूक की है तथा यह खाता 29.5.2019 को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है, बैंक ने 7.8.2019 को सरफैसी अधिनियम के अंतर्गत सूचना जारी कर आपकी रु. 9,01,689.79 (रुपये नौ लाख एक हजार छः सौ नवासी तथा पैसे उन्यासी मात्र) की बकाया राशि के पुनर्भुगतान का निर्देश दिया था। सूचना की एक प्रति एफ-113, शुभाश्रय, भिवाडी, ग्राम-इशरोडा, भिवाडी-301707 के परिसर में भी चिपकाई गई है।

जैसा कि पंजी. डाक/कूरियर से हमारे द्वारा भेजी गई सूचना सर्व नहीं हो सकी तथा वापस लौट आई। एतद्द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि एससीओ-05, पायल सिनेमा के निकट कॉम्प्लैक्स, सेक्टर-14, गुड़गांव-122001, हरियाणा में बैंक में आएं तथा बकाया ऋणों, बैंक के पास चार्ज्ड प्रतिभूतियों आदि का सम्पूर्ण विवरण प्राप्त करने के लिये अपने हित में सूचना की प्रति प्राप्त करें।

एतद्द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर 28.7.2019 से भुगतान की तिथि तक ब्याज के साथ ऊपर दर्शाई गई राशि का भुगतान करें अन्यथा प्रतिभूत क्रेडीटर सरफैसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार बैंक के पास नीचे वर्णित हाइपोथेकेट/गिरवी प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के प्रवर्तन के अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिये बाध्य होगा।

प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण

आवासीय फ्लैट नं. एफ-113, शुभाश्रय, भिवाडी, ग्राम-इशरोडा, भिवाडी-301707

तिथि: 4.9.2019
स्थान: भिवाड़ी

मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी
द करूर वैस्य बैंक लिमिटेड

उत्तरी दिल्ली नगर निगम

अधिशासी अभियंता (परियोजना) सी.एल. जोन का कार्यालय
सिंघोरा कलां, शक्ति नगर, नई दिल्ली-110052
टेली. नं.011-23654558

म.ई.ईभा./टीसी/सीएलजेड/2019-20/01 दिनांक: 30.08.2019

निविदा आमंत्रण सूचना

क्र.सं.	उत्तरी दिल्ली नगर निगम के खर्चा	प्रारंभ तारीख	समाप्ति समय
1.	निविदा दस्तावेज हेतु अनुरोध का प्रारंभ	30.08.2019	अपराह्न 17.30 बजे
2.	निविदा दस्तावेज जारी करने का प्रारंभ	04.09.2019	अपराह्न 17.31 बजे
3.	निविदा दस्तावेज हेतु अनुरोध का अंत	17.09.2019	अपराह्न 17.00 बजे
4.	निविदा दस्तावेज जारी करने का अंत	18.09.2019	अपराह्न 17.30 बजे
5.	निविदा दस्तावेज समाप्ति की तारीख एवं समय	20.09.2019	अपराह्न 14.00 बजे
6.	लागत खुलने की तारीख एवं समय	20.09.2019	अपराह्न 14.15 बजे

कमिश्नर, उत्तरी दिल्ली नगर निगम की ओर से अधिशासी अभियंता (परियोजना)/सिविल लाइन जोन द्वारा क्र.सं. 1 पर कार्य के निष्पादन हेतु (सामान्य विंग) के साथ पंजीकृत अनुमोदित वर्ग चार अभिकर्ताओं एवं क्र.सं. 2 पर विद्यालय भवन के पुनर्वास कार्य के निष्पादन हेतु विभेदीकृत एजेंसियों (खुली बोली भी) से मद दर/प्रतिशत दर निविदा कॉल अभिलेख माध्यम से वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/NORTHDMCETENDER पर आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.1, कार्य का नाम: सिविल लाइन जोन में मुखर्जीपुर क्षेत्र में उत्तरी दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय जनता विहार का निर्माण। उप-शीर्ष: चार दीवारी, आम डैक का निर्माण और विविध कार्य। FTC No.19/24/XL-VII-Edu./PC-201, लेखा शीर्ष: XL-VII-Edu., निविदा राशि: रु. 2,12,28,654/-, धरोहर राशि: रु. 4,24,600/-

क्र.सं.2, कार्य का नाम: सी-17/एन/सीएलजेड में नगर निगम प्राथमिक विद्यालय आजाद नगर में छत और मुख्य भवन का वर्गीकरण तथा मुद्दीकरण। FTC No.19/24/XL-VII-Edu./PC-201, लेखा शीर्ष: XL-VII-Edu., निविदा राशि: पार्ट 'ए' रु.1,43,09,091/- पार्ट 'बी' / मद दर, धरोहर राशि: रु.4,29,300/-

मद संख्या 1 के लिए निविदा लागत 1500/- रुपए तथा मद संख्या 2 के लिए 1000/- रुपये है। मद संख्या 1 के लिए कार्य पूरा करने का समय 6 महीने तथा मद संख्या 2 के लिए 12 महीने है। सभी मदों के लिए दर मान्य रहने की अवधि छः महीने है।

- हस्ता. -
अधिशासी अभियंता (परियोजना) सीएलजेड

R.O. No. 78/North/DPU2019-20

मिडईस्ट इन्टीग्रेटेड स्टील्स लिमिटेड

CIN:L74899DL1992PLC050216

पंजीकृत कार्यालयः मेस्को टावर्स एच 1, जमरुदपुर कम्युनिटी सेन्टर, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली-110048

फोन नं.: 011-40587085, वेबसाईटः www.mescosteel.com

वित्त वर्ष 2011-12 के लिये अप्रदत्त लाभांश (अंतिम) तथा एसे अंडरलाइंग शेयरों जिस पर वित्त वर्ष 2011-12 से शुरू होने वाले लगातार 7 वर्षों में लाभांश अप्रदत्त/दावा-रहित रहा है, का आईईपीएफ (निवेशक शिक्षा संरक्षण कोष) में अंतरण

प्रिय शेयर धारकों,

यह सूचना कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित तथा 7 सितम्बर, 2016 से प्रभावी तथा उसके बाद समय-समय पर संशोधित निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष प्राधिकरण (लेखा, ऑडिट, अंतरण तथा रिफंड) नियमावली, 2006 (नियमावली) के प्रावधानों के अनुपालन में जारी की जा रही है।

नियमावली में अन्य बातों के अलावे निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष खाता (आईईपीएफ खाता) में ऐसे सभी शेयरों के अंतरण का प्रावधान है जिसके लिये लगातार सात वर्षों अथवा अधिक से लाभांश का भुगतान अथवा शेयरधारकों द्वारा उसका दावा नहीं किया गया है।

ऐसे सभी शेयरधारकों जिनका वित्त वर्ष 2011-12 से शुरू होने वाली अवधि के लिये कम्पनी की अप्रदत्त लाभांश खाता में उनके फोलियो/डीपी आईडी, क्लाइन्ट आईडी के समक्ष अप्रदत्त लाभांश पड़ी है तथा साथ हीं जिनका शेयर आईईपीएफ में अंतरण के लिये नियत है, की सम्पूर्ण सूची कम्पनी की वेबसाईट पर निवेशक सम्पर्क खंड के दावे रहित लाभांश खंड में प्रकाशित है।

भौतिक पद्धति में शेयरधारित करने वाले संबंधित शेयरधारकों जिनकी शेयरों को आईईपीएफ में अंतरित किया जाना है, यह ध्यान रखें कि कम्पनी उनके नाम में पंजीकृत मूल शेयर प्रमाणपत्र(नों) की जगह आईईपीएफ में ऐसे शेयरों के अंतरण के लिये नवीन शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी तथा मूल शेयर प्रमाणपत्र स्वतः निरस्त हो जाएंगे तथा उसे अविचारणीय माना जायेगा। शेयरधारक पुनः ध्यान रखें कि उसकी वेबसाईट पर कम्पनी द्वारा अपलोड की गई विवरणों को नियमावली के अनुसार आईईपीएफ खाता में शेयरों के अंतरण के लिये कम्पनी द्वारा डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के संदर्भ में पर्याप्त सूचना माना जायेगा।

यदि 15 अक्टूबर, 2019 तक कम्पनी को संबंधित शेयरधारकों से कोई वैद्य दावा प्राप्त नहीं होता है तो नियमावली में निर्दिष्ट अपेक्षाओं का अनुपालन करने के उद्देश्य से कम्पनी आईईपीएफ प्राधिकरण/आईईपीएफ खाता में नियमावली में निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण करने के बाद तत्स्थनीय शेयरों तथा दावा-रहित लाभांश (26 सितम्बर, 2012 को कम्पनी द्वारा घोषित) का अंतरण करेगी।

यदि इस विषय में शेयरधारकों का कोई प्रश्न हो, वे कम्पनी के रस्ट्रिार तथा शेयर अंतरण एजेन्ट स्काईलाइन फाइनांसियल सर्विसेस प्रा. लि. से डी-153/ए, 1ला तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली, दिल्ली, 110020, ईमेलः admin@skylinerta.com पर सम्पर्क करें।

निदेशक मंडल के ओदश से
मिडईस्ट इन्टीग्रेटेड स्टील्स लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
रीता सिंह
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
तिथि: 30.08.2019

सिक्योर इंडस्ट्रीज लिमिटेड

545, कीर्तन वाली गली, छोटी बजरिया, गाजियाबाद-201001 (उ.प्र.)
ई-मेलः agar@bol.net.in, वेबसाईटः www.secureindustriesltd.in, फोन नं. 011-23262982, CIN: U74120UP1989PLC019383

30वीं वार्षिक साधारण सभा, ई-वोटिंग जानकारी तथा पुस्तक बंद होने की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है किः

1. कम्पनी की 30वीं वार्षिक साधारण सभा शनिवार, 28 सितम्बर, 2019 को 11.00 बजे पूर्वा. में भजगोविन्दम बैंक्वेट, वोल्गा प्लेस, वसंत रोड, गाजियाबाद- 201001 (उ.प्र.) में
2. कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014 (''नियमावली'') के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 108 के अनुपालन में यह कम्पनी एजीएम स्थल के किसी अन्यत्र स्थान से एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराई गई (''रिमोट ई-वोटिंग'') सेवाओं के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने की सुविधा अपने सदस्यों को उपलब्ध करा रही है तथा एजीएम की सूचना में वर्णित सभी प्रस्तावों पर उसी पद्धति में मतदान द्वारा निष्पादित किया जा सकता है। 30वें एजीएम की सूचना तथा वित्त वर्ष 2018-19 का वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाईट www.secureindustriesltd.in पर भी उपलब्ध है:
3. कट-ऑफ तिथि अर्थात 24 सितम्बर, 2019 को भौतिक पद्धति या डीमैटीरियलाइज्ड पद्धति में शेयर धारित करने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली द्वारा 30वें एजीएम की सूचना में वर्णित साधारण तथा विशेष व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मतदान कर सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान 25 सितम्बर, 2019 को 9.00 बजे पूर्वा में शुरू होगी। तथा 27 सितम्बर, 2019 को 5.00 बजे सायं में बंद होगी, उसके वाई एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग पद्धति निष्क्रिय कर दी जायेगी। 30वें एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाईट तथा एनएसडीएल की वेबसाईट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है; तथा किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिये सदस्य एनएसडीएल की वेबसाईट पर उपलब्ध help एवं FAQ/s खंड देखें अथवा evoting@nsdl.com पर ई मेल करें जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से जुड़ी समस्याओं को संबोधित किया जायेगा।
4. सदस्यों के रजिस्टर तथा कम्पनी की इक्विटी शेयरों के लिये शेयर अंतरण पुस्तकें 26 सितम्बर, 2019 से 28 सितम्बर, 2019 (दोनों दिवस सहित)तक 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्त वर्ष के लिये इक्विटी शेयरों पर लाभांश, यदि कोई हो, प्राप्त करने के लिये अधिकृत सदस्यों के नामों को सुनिश्चित करने के लिये बंद रहेंगे।

बोर्ड के आदेश से
सिक्योर इंडस्ट्रीज के लिये
हस्ता./-
निदेशक

तिथि: 20.8.2019

रूद्राभिषेक एण्टरप्राईजेज लिमिटेड

CIN: L74899DL1992PLC050142

पंजी. कार्यालयः 820, अंतरिक्ष भवन, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों की 27वीं वार्षिक साधारण सभा गुरुवार, 26 सितम्बर, 2019 को 3.30 बजे अप. में वाईडब्ल्यूसीए बिल्डिंग, कॉन्स्टैंशिया हॉल, 1, अशोका रोड, नई दिल्ली- 110001 में आयोजित की जायेगी।

कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 12 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 42 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर तथा कम्पनी की शेयर अंतरण पुस्तकें 20 सितम्बर, 2019 से 26 सितम्बर, 2019 (दोनों दिवस सहित) तक एजीएम एवं लाभांश की घोषणा तक एजीएम के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुपालन में सूचना में संलग्न विवरण तथा 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्त वर्ष के वार्षिक रिपोर्ट के साथ 28वीं एजीएम की सूचना सभी सदस्यों को उनके डाक के पते पर/ कम्पनी, डिपॉजिटरी पार्टिसिपैन्ट्स (डीपी'ज)/ रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेन्ट (आर एंड टी एजेन्ट) के पास पंजीकृत ई-मेल पते पर भेज दी गई है। सूचना तथा कम्पनी का वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाईट www.repl.global से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात् 19 सितम्बर, 2019 को सदस्यों/ लाभभोगी स्वामियों के रजिस्टर में शामिल होगा, वे ही रिमोट ई-वोटिंग एवं सभा में मतदान की सुविधा प्राप्त करने के लिए अधिकृत होंगे।

स्वच्छ तथा पारदर्शी तरीके से रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम में मतदान प्रक्रिया का संचालन करने के लिये कम्पनी श्री प्रदीप देवनाथ, मै. प्रदीप देवनाथ एंड क., कम्पनी सेक्रेट्रीज के कम्पनी सचिव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। एजीएम स्थल पर मतदान की प्रक्रिया भौतिक मत पत्र द्वारा संचालित की जायेगी।

यदि ऐसा जरूरी हो, कोई भी सदस्य डुप्लिकेट वार्षिक रिपोर्ट के लिये कम्पनी से अनुरोध कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिये आप श्री विकास गुप्ता, कम्पनी सचिव से secretarial@replurbanplanners.com से सम्पर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेश से
रूद्राभिषेक एण्टरप्राईजेज लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
विकास गुप्ता
कम्पनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
तिथि: 3.9.2019

इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड

आईजीएल भवन, प्लॉट नंबर 4, अम्बेडकर सेंटर, सेक्टर-6, द्वारका, नई दिल्ली-110075
फोन: 46874000, फैक्स: 25171003, ई-मेल: investors@igl.co.in, वेबसाइट: www.igloonline.net
सीआईएन: L10102DL1998PLC095694

सूचना

एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 26वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) मंगलवार, 24 सितम्बर, 2019 को 11.30 बजे एयरफोर्स ऑडिटोरियम, सुब्रतो पार्क, नई दिल्ली-110010 में आयोजित की जाएगी। कंपनी ने वार्षिक आम बैठक की सूचना और वित्तीय वर्ष 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट के प्रेषण का कार्य पूरा कर लिया है और यह उपलब्ध कंपनी की वेबसाइट www.igloonline.net पर उपलब्ध है।

यह भी सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 91 और उसके अधीन लागू नियमों के अनुसार सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर ट्रांसफर पुस्तकें, आगामी वार्षिक आम बैठक में लाभांश के भुगतान के प्रयोजन के लिए, यदि घोषित किया जाता है, तो शनिवार, 14 सितम्बर, 2019 से मंगलवार, 24 सितम्बर, 2019 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगी।

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनीज (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 तथा संशोधित के नियम 20 और सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को कार्यों निष्पादन प्रतिभूति लिमिटेड ("कार्वी") के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से वोटिंग करने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए ई-वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग) की सुविधा दे रही है।

विवरण निम्नानुसार है:

- रिमोट ई-वोटिंग या मतदान के प्रयोजन के लिए कट-ऑफ तिथि (यानी रिकॉर्ड तिथि) 17 सितम्बर, 2019 है। एक व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या निपॉजिटरीज द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि 17 सितम्बर, 2019 को दर्ज है, वे रिमोट ई-वोटिंग/बैलट पेपर की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।
